Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक वेलकम इंडिया

गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 180 | बुधवार, 02 जुलाई -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## समुद्री सीमा की सुरक्षा में और अधिक ताकतवर हुआ भारत

# भारतीय नौसेना में शामिल हुए आइएनएस उदयगिरी और तमाल

नई दिल्ली।



भारतीय नौसेना में मंगलवार को स्वदेश निर्मित स्टील्थ फ्रिगेट आइएनएस उदयगिरी और रूसी निर्मित गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट आइएनएस तमाल को शामिल किया गया। इससे भारतीय नौसेना की ताकत में महत्वपूर्ण वृद्धि होगी। दोनों फ्रिगेट अत्याधुनिक हथियारों, सेंसर और स्टील्थ तकनीक से लैस है और भारत की समुद्री सीमा की सुरक्षा में अहम भूमिका निभाएगा। मझगांव डाक शिपबिल्डर्स लिमिटेड द्वारा निर्मित प्रोजेक्ट 17ए का दूसरा स्टील्थ फ्रिगेट आइएनएस उदयगिरी आधिकारिक रूप से नौसेना को सौंप दिया गया। यह युद्धपोत उस पूर्ववर्ती आइएनएस उदयगिरी का आधुनिक रूप है, जो 2007 में 31 वर्षों की सेवा के बाद सेवामुक्त हुआ था। नया उदयगिरी एक मल्टी-मिशन फ्रिगेट है, जो गहरे समुद्र में परिचालन (ब्लू वाटर आपरेशन) के लिए डिजाइन किया गया है और पारंपरिक व गैर-पारंपरिक खतरों से निपटने में पूरी तरह सक्षम है। आइएनएस उदयगिरी को सिर्फ 37 महीनों में लांचिंग के बाद तैयार किया गया, जो निर्माण गति में एक रिकॉर्ड है। यह युद्धपोत प्रोजेक्ट 17ए के तहत निर्मित सात जहाजों में से दूसरा है। बाकी पांच युद्धपोत मझगांव डाक मुंबई और गार्डन रीच शिपबिल्डर्स कोलकाता में निमार्णाधीन हैं और 2026 के अंत तक सौंपे जाएंगे। इस युद्धपोत का निर्माण पूरी तरह स्वदेशी तकनीकों और भारतीय उद्योगों के सहयोग से हुआ है। इसमें शामिल अधिकांश हथियार और सेंसर देश के ही ओरिजिनल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर्स (ओईएमएस) द्वारा आपूर्ति किए गए हैं। निर्माण के दौरान 200 से अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम इससे जुड़े रहे। आइएनएस तमाल का डिजाइन रूसी सेवेरनोये डिजाइन ब्यूरो और भारतीय विशेषज्ञों के सहयोग से तैयार किया गया है, जिसमें स्वदेशी सामग्री को 33 प्रणालियों तक बढ़ाया गया है। इसमें ब्रह्मोस एयरोस्पेस, भारत इलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड, केलट्रान, टाटा की नोवा इंटीग्रेटेड सिस्टम्स जैसे भारतीय निमार्ता शामिल हैं। इस युद्धपोत की अधिकतम स्पीड 30 नॉट की है और यह उच्च सहनशक्ति के साथ अपने वजन से कहीं अधिक शक्तिशाली है।इसका शुभंकर है 'द ग्रेट बियर्स', जो भारतीय पौराणिक कथाओं के भालू राजा जामवंत और रूसी भूरे भालू से प्रेरित है। इसका आदर्श वाक्य है 'सर्वदा सर्वत्र विजया'।

**37 महीनों में लांचिंग के बाद तैयार किया**

### आइएनएस तमाल की खासियत

- इस 3900 टन वजनी और 125 मीटर लंबे जंगी जहाज में सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें लैंस है।
- तमाल युद्धपोत अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित है, जिसमें ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल सिस्टम शामिल है, जो एंटी–शिप और लैंड–अटैक क्षमताओं से युक्त है।
- इसके अतिरिक्त, इसमें सरफेस सर्विलांस रडार काम्प्लेक्स, एंटी–सबमरीन हथियार फायरिंग काम्प्लेक्स और कई स्वदेशी अत्याधुनिक हथियार व सेंसर शामिल हैं।
- 100 मिमी एडवांस नेवल गन और ,सीआइडब्ल्यूएस गन सिस्टम से लैस है।
- टारपीडो और राकेट आधारित पनडुब्बी रोधी हथियार से सुसज्जित है।
- इसमें ईओ, आइआर सिस्टम और युद्धक रडार लगे हैं और नेटवर्क केंद्रित लड़ाकू प्रणाली और एडवांस इलेक्ट्रानिक वारफेयर सिस्टम भी हैं।

## रक्षा-कृषि समेत ऊर्जा पर होगी व्यापक बातचीत

# ग्लोबल साउथ में भारत की धमक बढ़ाएगा पीएम मोदी का दौरा

नई दिल्ली।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 9 दिवसीय विदेश दौरा बुधवार से शुरू हो रहा है। इस दौरान वह अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका के कई देशों की यात्रा करेंगे। इसके अलावा वह ब्राजील की मेजबानी में हो रहे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भी शामिल होंगे। सम्मेलन में वह ग्लोबल साउथ से जुड़े मुद्दों को उठाएंगे। आइये जानते हैं उनकी यह यात्रा कैसे ग्लोबल साउथ में भारत की धमक बढ़ाएगी। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की घाना की पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी और वह पिछले तीन दशक में यहां आने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। घाना के राष्ट्रपति जान महामा 2015 में इंडिया- अफ्रीका फोरम समिट के लिए भारत आए थे। वह जनवरी 2025 में तीसरी बार राष्ट्रपति चुने गए हैं। घाना पश्चिम अफ्रीका की सबसे तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। दोनों देश व्यापार और निवेश बढ़ाने के लिए काम कर रहे हैं। घाना भारत को बड़े पैमाने पर वस्तुओं का निर्यात करता है। घाना से भारत के आयात में 70 प्रतिशत हिस्सेदारी गोल्ड की है।

## हैकरों की धमकी- ट्रंप के सहयोगियों के ईमेल दुनिया को दिखाएंगे

**नई दिल्ली**। ईरान-इस्राइल युद्ध में अमेरिकी हमलों से परमाणु संवर्धन केंद्रों के बुरी तरह नष्ट होने के बाद ईरानी हैकरों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबियों पर डिजिटल युद्ध छेड़ने की धमकी दी है। इन हैकरों को रॉबर्ट नाम से पहचाने जाने वाले इस समूह ने कहा है कि उनके पास व्हाइट हाउस की चीफ ऑफ स्टाफ सूजी विल्स, ट्रंप की वकील लिंडसे हॉलिगन, सलाहकार रोजर स्टोन और स्टॉर्मी डेनियल्स के 100 गीगाबाइट ईमेल हैं।


## गाजा में 60 दिन के युद्ध विराम के लिए सहमत हुआ इजरायल



**वाशिंगटन**। गाजा पट्टी में सैन्य अभियान तेज करने के बीच इजरायल के अधिकारियों वाशिंगटन में संघर्ष विराम पर बातचीत की। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इजरायल ने 60 दिन के युद्ध विराम को अंतिम रूप देने के लिए शर्तों पर सहमति जताई है। वहीं, उन्होंने मंगलवार को ईरान समर्थित हमास उग्रवादियों से आग्रह किया कि वे गाजा में इजरायल के साथ 60 दिन के युद्ध विराम के लिए अंतिम प्रस्ताव पर सहमत हों, जिसे कतर और मिस्त्र के मध्यस्थ अधिकारी पेश करेंगे। एक सोशल मीडिया पोस्ट में ट्रंप ने कहा कि उनके प्रतिनिधियों ने गाजा के बारे में इजरायली अधिकारियों के साथ लंबी और उत्पादक बैठक की। उन्होंने अपने प्रतिनिधियों की पहचान नहीं बताई, लेकिन अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकॉफ, विदेश मंत्री मार्को रुबियो और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के वरिष्ठ सलाहकार रॉन डर्मर से मिलने वाले थे।

**अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप बोले- अब सब हमास के ऊपर**

## उत्तराखंड में पंचायत चुनाव के लिए नामांकन आज से




**देहरादून**। राज्य निर्वाचन आयोग पंचायतों के 66,418 पदों के लिए दो चरणों में चुनाव कराने जा रहा है। दोनों चरणों के लिए नामांकन दो से पांच जुलाई को सुबह आठ से शाम चार बजे के बीच होगा। उत्तराखंड में हरिद्वार को छोड़कर 12 जिलों में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की नामांकन प्रक्रिया बुधवार से शुरू होने जा रही है। सभी जिलों में इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। राज्य निर्वाचन आयोग पंचायतों के 66,418 पदों के लिए दो चरणों में चुनाव कराने जा रहा है। दोनों चरणों के लिए नामांकन दो से पांच जुलाई को सुबह आठ से शाम चार बजे के बीच होगा। इसके बाद सात से नौ जुलाई के बीच सुबह आठ बजे से कार्य समाप्ति तक नामांकन पत्रों की जांच होगी। 10 व 11 जुलाई को सुबह आठ से दोपहर तीन बजे तक नाम वापसी का समय मिलेगा। प्रदेश में 89 विकासखंडों में 55,587 ग्राम पंचायत सदस्य, 7,499 ग्राम प्रधान, 2,974 क्षेत्र पंचायत सदस्य और 358 जिला पंचायत सदस्य के पदों के लिए यह चुनाव होगा। नामांकन की प्रक्रिया संयुक्त संपन्न होने के बाद दोनों चरणों की प्रतीक चिह्न आवंटन प्रक्रिया अलग-अलग होगी। पहले चरण के चुनाव के लिए प्रतीक चिह्न 14 जुलाई को और दूसरे चरण के लिए 18 जुलाई को आवंटित किए जाएंगे।

**66 हजार पदों पर 5 जुलाई तक भरे जाएंगे पर्चे**

## नेपाल में एक महीने में बारिश से जुड़ी आपदाओं में 31 लोगों की मौत, 151 घायल

नई दिल्ली।




नेपाल में 28 मई से 30 जून के बीच मानसून सीजन में बारिश से जुड़ी आपदाओं में कम से कम 31 लोगों की मौत हुई है और 151 लोग घायल हुए हैं। इसके अलावा, 222 पशुओं की मौत और 97 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। नेपाल में 28 मई से मानसून की शुरूआत हुई। जिसके बाद से एक महीने में बारिश से जुड़ी आपदाओं में कम से कम 31 लोगों की मौत हो गई और 151 लोग घायल हो गए। इस संबंध में मंगलवार को अधिकारियों ने जानकारी दी। राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीआरआरएमए) के प्रवक्ता सुरेश सुनार ने बताया कि 28 मई से 30 जून के बीच नेपाल में बारिश से जुड़ी 682 घटनाएं हुईं हैं। इनमें बाढ़, भूस्खलन, बिजली गिरना और आंधी-तूफान जैसी आपदाएं शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इन प्राकृतिक आपदाओं में कम से कम 31 लोगों की मौत हुई है और 151 लोग घायल हो गए हैं।

## समकक्ष रुबियो और रक्षा मंत्री हेगसेथ से की मुलाकात

**नई दिल्ली**। अमेरिका दौरे पर गए विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने अमेरिकी समकक्ष मार्को रुबियो से मुलाकात की। दोनों के बीच अहम द्विपक्षीय मुद्दों पर विस्तार से बातें हुईं। रुबियो से पहले जयशंकर ने वाशिंगटन डीसी में रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ से भी मुलाकात की। अमेरिकी रक्षा मंत्री से मुलाकात के बाद जयशंकर ने खुद एक्स हैंडल पर तस्वीरें साझा कीं।

## शमी को अलग रह रही पत्नी-बेटी को हर माह ?4 लाख गुजारा भत्ता देना होगा

कोलकाता।



भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद शमी को अलग हो चुकी अपनी पत्नी को गुजारा भत्ता देना होगा। कलकत्ता हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा, शमी को अपनी अलग हो चुकी पत्नी हसीन जहां और बेटी को प्रति माह चार लाख रुपये का गुजारा भत्ता देना होगा। बता दें कि शमी और हसीन जहां के बीच लंबे समय से कानूनी विवाद चल रहा है। जानिए अदालत का आदेश मोहम्मद शमी और हसीन जहां के बीच चल रहे कानूनी विवाद को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट ने अहम आदेश पारित किया है। अदालत में न्यायमूर्ति अजय कुमार मुखर्जी की एकल पीठ ने गुजारा भत्ता देने का आदेश पारित किया। जस्टिस मुखर्जी ने अपने आदेश में कहा, विपक्षी पार्टी / पति (मोहम्मद शमी) की आय, वित्तीय दस्तावेजों और आय को देखते हुए साफ है कि वह अधिक राशि का भुगतान करने की स्थिति में है।

## दिल्ली-यूपी समेत देश के कई राज्यों हो रही भारी बारिश



नई दिल्ली।

अगले छह-सात दिनों में देश के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश हो सकती है। मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) ने मंगलवार को कहा कि हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में अगले छह से सात दिनों में बहुत भारी बारिश की संभावना है। इस अवधि के दौरान उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत के कई हिस्सों में मानसून सक्रिय रहेगा। आइएमडी ने बताया, मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़, बिहार, बंगाल, सिक्किम और झारखंड में अत्यधिक बारिश की संभावना है। मध्य प्रदेश, झारखंड और ओडिशा में कुछ दिनों में भी भारी बारिश हो सकती है ।कोंकण और गोवा, मध्य महाराष्ट्र और गुजरात के कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। सौराष्ट्र और कच्छ में भी अगले सात दिनों में भारी बारिश हो सकती है। इस अवधि में पूर्वोत्तर भारत में कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है।

# ओडिशा में बाढ़ का कहर, बालासोर में अधिक असर

**बालासोर/जाजपुर/बारीपदा** ओडिशा के बालासोर, जाजपुर और मयूरभंज जिलों में सुवर्णरेखा, बुधबलंग और जलाका नदियों का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ ने तबाही मचाई हुई है। बाढ़ का सबसे ज्यादा असर बालासोर जिले में पड़ा है। यहां करीब 100 गांव बाढ़ के पानी में डूब गए हैं, जिसके चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। ओडिशा के बालासोर जिले में मंगलवार को बाढ़ की स्थिति बहुत गंभीर हो गई। जिले के उत्तरी हिस्से में करीब 100 गांवों में सड़कों और खेतों में पानी भर गया है। बाढ़ का पानी भरने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। राजस्व और आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी ने बताया कि उत्तरी ओडिशा की सभी बड़ी नदियों का जलस्तर कम हो रहा है, लेकिन बहुत से गांव अभी बी पानी में डूबे हुए हैं। प्रशासन ने बालासोर, मयूरभंज और जाजपुर जिलों में राहत और बचाव काम तेज कर दिया है।सुवर्णरेखा, बुधबलंग और जलाका नदियों का बढ़ा जलस्तर एक रिपोर्ट के मुताबिक, बालासोर जिले में भारी बारिश और झारखंड से पानी छोड़े जाने के कारण सुवर्णरेखा नदी में बाढ़ आ गई। इसके कारण भोगराई, बलियापाल, जलेश्वर और बस्ता ब्लॉकों के लोग प्रभावित हुए हैं। तीन नदियों- सुवर्णरेखा, बुधबलंग और जलाका का जलस्तर बढ़ने से बालासोर के कई गांवों में बाढ़ आ गई।

**100 गांवों में जलभराव से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित**



## संपादक की कलम से

# वक्फ पर सियासत

वक्फ संशोधन कानून पर फिर सियासत सुलगने लगी है। बिहार में विधानसभा चुनाव अक्तूबर में हो सकते हैं, लिहाजा सियासत ध्रुवीकरण में तबदील होने लगी है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए हुंकार भरी कि यदि इंडिया गठबंधन चुनाव में जीता, तो वक्फ कानून को कूड़ेदान में फेंकने का काम करेगा। यह बिहार की 17.7 फीसदी मुस्लिम आबादी को अपने पक्ष में लामबंद करने की सियासत है। जनसभा का आयोजन इमारत-ए-शरिया नामक कट्टरपंथी मुस्लिम संगठन ने किया था, लिहाजा शरिया कानून लागू करने की भी हुंकारें भरी गईं। भारत में सभी राज्य, यहां तक कि पंचायतें भी, संविधान से संचालित होते हैं। ये तमाम हुंकारें महज चुनावी हैं, क्योंकि ये असंवैधानिक हैं। यह देश भी इस्लामी नहीं है। फिर भी ये हुंकारें संसद के लिए गंभीर चुनौती हैं, संसद को धमका रही हैं कि उसके दोनों सदनों में पारित विधेयक और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हस्ताक्षर के बाद बने कानून को कूड़ेदान में फेंकने का आह्वान किया गया है। संविधान के अनुच्छेद 256 और 257 में स्पष्ट प्रावधान हैं कि राज्य केंद्र द्वारा बनाए गए कानून को खारिज नहीं कर सकते। कृषि कानूनों का संदर्भ भिन्न है। वहां प्रधानमंत्री के आग्रह पर संसद ने अध्यादेशी कानूनों को निरस्त करने के प्रस्ताव पारित किए थे। कैबिनेट ने यह करने का आग्रह किया था। विपक्ष उन कानूनों का जो उल्लेख कर रहा है, वह गलत और सियासी है। बहरहाल वक्फ जैसे कानून को राज्य सरकारें लागू करें अथवा न करें, उसके भी स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं, लेकिन राज्य के पास केंद्रीय कानून को नकारने की संवैधानिक शक्तियां नहीं हैं। दिलचस्प है कि नमाजवाद की सियासत करने वाले अनुच्छेद 14, 15, 25, 26, 29 की भी दुहाई दे रहे हैं कि वक्फ संशोधन कानून बना कर उनके मौलिक और मजहबी अधिकारों का हनन किया गया है। लेकिन वक्फ महज मजहबी मामला नहीं है। यह अकूत संपत्तियों के जरिए व्यापक भ्रष्टाचार और कब्जेबाजी का मामला है। यह विधेयक पारित करने से पहले संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) बनाई गई थी, जिसमें विपक्ष ने बराबर के विमर्श में शिरकत की थी। बहरहाल भारत के वक्फ बोर्डों के पास करीब 9.4 लाख एकड़ जमीन है, जो सेना और रेलवे के बाद सर्वाधिक है। करीब 8.72 लाख संपत्तियां वक्फ के अधीन हैं। वक्फ ट्रिब्यूनल में 40,951 मुकदमे विचाराधीन हैं, जिनमें कई मामले मुसलमानों की ही शिकायत के आधार पर दर्ज किए गए हैं। बेहद अहम सवाल है कि इतने अमीर वक्फ बोर्डों के बावजूद औसत मुसलमान गरीब, अनपढ़, साधनहीन क्यों है? वक्फ कानून में पहली बार संशोधन नहीं किए गए हैं। मौजूदा सरकार वक्फ की संपत्तियों का डिजिटलीकरण कर उन्हें पारदर्शी बनाना चाहती है। प्रशासनिक स्तर पर कलेक्टर की भूमिका भी तय करना चाहती है। राजस्व रिकॉर्ड को सिलसिलेवार बनाना चाहती है। सबसे अहम संशोधन यह है कि वक्फ से जुड़े विवाद सिर्फ ट्रिब्यूनल तक ही सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि उन्हें उच्च न्यायालय तक में चुनौती दी जा सकती है। बहरहाल अभी मामला सर्वोच्च अदालत के विचाराधीन है। कुल 5 याचिकाओं पर सुनवाई जारी है। सर्वोच्च अदालत ने सिर्फ 2 प्रावधानों पर ही अंतरिम रोक लगाई है। अंतरिम निर्देश पर शीर्ष अदालत ने 30 मई को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। दरअसल 5 मई को यह मामला नई न्यायिक पीठ को सौंपना पड़ा, क्योंकि तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश सेवानिवृत्त हो गए थे। अब मौजूदा प्रधान न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई पीठ का नेतृत्व कर रहे हैं। सर्वोच्च अदालत के फैसले के बाद स्पष्ट होगा कि वक्फ संशोधन कानून यथावत रहता है अथवा कुछ संशोधनों पर अदालत की लाल लकीर चलती है, लेकिन इस मुद्दे पर कमोबेश बिहार को दोफाड़ कर दिया है। वहां चुनाव हिंदू बनाम मुसलमान पर ही होंगे, यह सियासत से साफ लगता है। अलबत्ता देश में समान नागरिक संहिता लागू करने का एक अच्छा अवसर सरकार ने गंवा दिया है। वक्फ पर कानून बनाने के बजाय सभी धर्मों पर एक ही कानून संशोधित कर बना देना चाहिए था। मंदिरों के कायदे-कानून भी अलग-अलग हैं। यदि धर्म पर भी एक ही कानून बन जाता, तो विसंगतियां कम होतीं और अकेले वक्फ का बवाल भी पैदा न होता।



ललित शर्मा
संपादक

# हिन्दी को संघर्ष का नहीं, सेतु का माध्यम बनायें



ललित गर्ग



दक्षिण भारत के विभिन्न राज्यों में हिन्दी विरोध की राजनीति अब महाराष्ट्र में भी उग्र से उग्रत्तर हो गयी, इसी के कारण त्रिभाषा नीति को महाराष्ट्र में लगा झटका दुखद और अफसोसजनक है। आखिरकार राजनीतिक दबाव, लंबी रस्साकशी और कशमकश के बाद महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस सरकार ने स्कूलों में हिंदी की पढ़ाई से जुड़े मुद्दे पर यू-टर्न लेते हुए अपने कदम पीछे खींच लिए। विदित हो कि केंद्र सरकार की नीति के तहत महाराष्ट्र के स्कूलों में पहली कक्षा से हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाया जाना था। राजनीतिक आग्रहों एवं दुराग्रहों के चलते अब ऐसा नहीं हो पाएगा। मतलब, महाराष्ट्र को तीसरी भाषा के रूप में भी हिंदी मंजूर नहीं है। महाराष्ट्र में हिंदी का संकट वास्तव में एक गहरे सामाजिक-राजनीतिक विमर्श का हिस्सा है। यह केवल भाषाई नहीं, बल्कि अस्मिता, पहचान और सह-अस्तित्व से जुड़ा हुआ है। जबकि भाषा को संघर्ष का नहीं, सेतु का माध्यम बनाना चाहिए। क्योंकि जब मराठी और हिंदी एक-दूसरे की सहयोगी बनेंगी, तभी महाराष्ट्र और भारत दोनों का भविष्य उज्ज्वल होगा और तभी महाराष्ट्र राष्ट्रीयता से जुड़ते हुए समग्र विकास की ओर अग्रसर हो सकेगा।

हिन्दी को हथियार बनाकर उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने मराठी समर्थक राजनीति को इस तरह से गरमा दिया था कि सरकारी प्रयासों के हाथ-पांव फूलने लगे और अपने फैसलों पर पुनर्विचार करना पड़ा। ठाकरे बंधुओं का हिन्दी विरोधी आंदोलन दिनोंदिन उग्र होता जा रहा था। यह सच है, हर राज्य के लिए भाषा की राजनीति मायने रखती है और कोई भी पार्टी स्थानीय स्तर पर अपनी क्षेत्रीय भाषा से मुंह नहीं मोड़ सकती। यह सर्वविदित है कि महाराष्ट्र में पूर्व में एक समिति ने जब हिंदी पढ़ाने की सिफारिश की थी, तब उद्धव ठाकरे ही राज्य के मुख्यमंत्री थे। तब हिंदी का मामला बड़ा नहीं था, पर आज जब ठाकरे विपक्ष में हैं, तब यही मुद्दा सबसे अहम हो गया है। शायद यह शर्म की बात है कि जिस राज्य की राजधानी में पूरा हिंदी फिल्म उद्योग बसता है, समूचे देश की आर्थिक राजधानी होने का गौरव जिसे मिला हुआ है, जहां समूचे देश के लोगों बसे है, जिसे सांझा-संस्कृति का गौरव प्राप्त है, उस राज्य की राजनीति अब हिंदी से परहेज करती दिख रही है। आज उद्धव ठाकरे बोल रहे हैं कि देवेंद्र फडणवीस सरकार मराठी मानुष की शक्ति से हार गई, पर वे इस बात को छिपा रहे हैं कि हारी सरकार नहीं, बल्कि राष्ट्र-भाषा हिंदी हारी है, जिसने मुंबई को सपनों का शहर बनाए रखा है।

भारत विविधताओं का देश है, यहां भाषाएं न केवल संवाद का माध्यम हैं, बल्कि सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक भी हैं। परंतु जब भाषाएं टकराव का विषय बन जाएं, तो वह केवल भाषाई संकट नहीं रह जाता, बल्कि एक सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक मुद्दा बन जाता है। ऐसा ही कुछ महाराष्ट्र में देखने को मिल रहा है, जहां हिंदी भाषा को लेकर एक अनकहा-अनचाहा-सा संघर्ष चल रहा है। महाराष्ट्र में मराठी भाषा केवल एक भाषा नहीं, बल्कि मराठी अस्मिता का प्रतीक है। कई मराठी संगठनों और राजनीतिक दलों का यह मानना है कि हिंदी भाषा का बढ़ता वर्चस्व मराठी संस्कृति के लिए खतरा बन सकता है।

फडणवीस सरकार की ताजा घोषणा यह दर्शा रही है कि हिंदी का मुद्दा राज्य में विपक्षी दलों के हाथों का एक ताकतवर राजनीतिक हथियार बनता जा रहा था। न केवल विपक्ष के सभी दल इस मसले पर एकजुट और विधानसभा के मॉनसून सत्र को हंगामेदार बनाने पर आमादा थे, बल्कि ठाकरे बंधुओं को भी हिंदी विरोध की राजनीति की अपनी जानी-पहचानी जमीन वापस मिलती दिख रही थी। क्योंकि शिवसेना प्रमुख बाला साहेब ठाकरे के शुरूआती दौर में पार्टी खास तौर पर हिंदीभाषियों के विरोध के लिए जानी जाती थी। मुंबई और महाराष्ट्र में हिंदीभाषियों की निरंतर बढ़ती आबादी को शिवसेना मराठी अस्मिता के लिए खतरे के रूप में देखती थी। हालांकि बाद के दौर में, खासकर नब्बे के दशक से भाजपा के गठबंधन में शिवसेना की राजनीति भी हिंदी से हिंदू की ओर मुड़ती गई। ऐसे में निश्चित ही मराठा राजनीति से हिन्दी विरोध की उम्मीद नहीं थी। अब तक तमिलनाडु को ही हिंदी विरोध के लिए जाना जाता था, पर इधर तीखे हिंदी विरोध में कर्नाटक के साथ ही, महाराष्ट्र भी शामिल हो गया है। दुनिया की सर्वाधिक तीसरी बोली जाने वाली हिन्दी भाषा अपने ही देश में उपेक्षा एवं राजनीति की शिकार है। अब केन्द्र सरकार के साथ-साथ हिंदी समाज को ज्यादा सजग होना पड़ेगा। हिन्दी भाषी प्रांतों को अपनी राजनीतिक व आर्थिक शक्ति को इतना बल देना पड़ेगा कि कम से कम तीसरी भाषा के रूप में हिंदी को अहिंदीभाषी राज्यों में स्वीकार किया जाए। क्या हिंदी प्रदेश के नेता इससे सबक लेंगे? हालांकि, जिस तरह की त्रासद भाषा-राजनीति महाराष्ट्र में हो रही है, उससे यही लगता है कि इसके लिये बनी समितियों में बैठने वाले विशेषज्ञों की राय को किनारे कर दिया जाएग और राष्ट्रीयता पर क्षेत्रीयता की जीत हासिल हो जाएगी।

महाराष्ट्र में बढ़ते हिन्दीभाषियों के अनुपात को देखते हुए देर-सबेर हिन्दी को अपनाना ही लोकतांत्रिक दृष्टिकोण है। चाहे मुंबई हो या महाराष्ट्र, कुल आबादी में हिंदीभाषियों का बढ़ता अनुपात हिन्दी के पक्ष में है। 2001 की जनगणना के मुताबिक हिंदीभाषियों की संख्या मुंबई में 25.9 प्रतिशत और मराठीभाषियों की 42.9 प्रतिशत थी जो 2011 में क्रमशः 30.2 प्रतिशत और 41 प्रतिशत हो गई। महाराष्ट्र में इसी अवधि में जहां मराठीभाषी आबादी 76 प्रतिशत से 73.4 प्रतिशत पर आ गई, वहीं हिंदीभाषियों का अनुपात 7.3 प्रतिशत से बढ़कर 9.5 प्रतिशत हो गया। इसीलिये हिंदी लादने के इस फैसले ने न केवल उद्धव और राज ठाकरे को आक्रामक रूप में सामने ले आई बल्कि 20 साल बाद उद्धव और राज ठाकरे के एक मंच पर आने की खबर ने महाराष्ट्र की सियासत में हलचल मचा दी। 5 जुलाई को होने वाली हिन्दी विजय रैली पर महाराष्ट्र के लोगों की निगाहें लगी हुई हैं, क्योंकि मराठी भाषा और संस्कृति के मुद्दे पर सुर में सुर मिलाने वाले उद्धव और राज ठाकरे को सियासी हौसला मिल गया है। जिसे महाराष्ट्र की सियासत में एक नया मोड़ माना जा रहा, लेकिन साथ ही सवाल है कि उद्धव और राज ठाकरे की सियासी केमिस्ट्री कब तक बरकरार रहेगी।

हिंदी बनाम मराठी विवाद को कई बार राजनीतिक रंग भी दिया गया है। कुछ स्थानीय दलों ने हिंदी भाषी प्रवासियों, विशेषकर उत्तर प्रदेश और बिहार से आए लोगों को निशाने पर लेकर हिंदी भाषा पर परोक्ष रूप से प्रहार किया है। इससे न केवल भाषा के नाम पर लोगों में दूरी बढ़ी है, बल्कि महाराष्ट्र की समावेशी छवि को भी आघात पहुंचा है। महाराष्ट्र के कई क्षेत्रों, विशेषकर मुंबई, ठाणे, पुणे, और नासिक में बड़ी संख्या में हिंदीभाषी समुदाय निवास करता है। ये लोग महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था, व्यापार, निर्माण और सेवा क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। परंतु जब इनकी भाषा को दोयम दर्जे का माना जाता है, या उनके साथ भेदभाव किया जाता है, तो यह संविधान की आत्मा ह्यएकता में अनेकताह्न के विपरीत है। भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में हिंदी और मराठी दोनों को मान्यता प्राप्त है। हिंदी भारत की राजभाषा है और मराठी महाराष्ट्र की राजभाषा। किसी भी राज्य में भाषा का सम्मान होना चाहिए, लेकिन इसके नाम पर दूसरी भाषाओं को अपमानित करना न तो संवैधानिक है और न ही नैतिक। भाषायी सह-अस्तित्व के लिये महाराष्ट्र में मराठी को सर्वोच्च स्थान मिले, लेकिन हिंदी भाषा को भी सम्मान मिले, यह संतुलन ही स्वस्थ लोकतंत्र का आधार है। स्कूलों में मराठी, हिंदी और अंग्रेजी- तीनों भाषाओं को समुचित महत्व देकर बच्चों में बहुभाषिक दृष्टिकोण विकसित किया जा सकता है।

विभिन्न राजनीतिक दल भाजपा एवं केन्द्र सरकार को घेरने के लिये जिस तरह भाषा, धर्म एवं जातियता को लेकर आक्रामक रवैया अपनाते हुए देश में अशांति, अराजकता एवं नफरत को फैला रहे रहे हैं, यह चिन्ताजनक है। महाराष्ट्र में हिन्दी का विरोध आश्चर्यकारी है। आजादी के अमृतकाल तक पहुंचने के बावजूद हिन्दी को उसका उचित स्थान न मिलना विडम्बना एवं दुर्भाग्यपूर्ण है।



मोनिका डागा
हमराही
कविता

एक दूसरे पर कर अटूट विश्वास,
जीतने अपने सपनों का आकाश,
चले जो हम तुम सहर्ष साथ-साथ,
थाम हाथों में एक दूजे का हाथ ।

आशाओं का सूर्य चमका बीती रात,
आया जीवन में ₹आनंद₹ सुप्रभात,
खुशियों की हुई सुरीली चहचहाहट,
मिले हम तुम तो हुई जगमगाहट ।

बढाएं कदम दर कदम फिर पॉव,
उत्साह की लहरों का सुखी बहाव,
मिली ख्वाहिशों को सुंदर पहचान,
हमने मिलकर भरी मन की उड़ान ।

अपना साथ यूँ ही रहे सदा शानदार,
प्यार भरी दुनिया का मजबुत आधार,
हर लम्हा महक बिखरे गुलाबों सी,
जोडी.रहे यादगार राधा माधव सी ।

समुंदर सा गहरा स्वछंद आसमान सा,
हमराही अपना सफर पूनम के चाँद सा,
दीया बाती जैसे हम तुम जीवन साथी,
सच्चा प्यार हमारा उम्र भर का है साथी ।

# साहित्य से संवेदना, सद्गति



संजीव ठाकुर

साहित्य अध्ययन, उन्नयन मनुष्य के जीवन में उत्कृष्टता का आधार होता है।साहित्य सदैव मनुष्य के जीवन में संवेदना, संवेदनशीलता एवं मानवता लाने का उत्कृष्ट कार्य करता है। हमारा साहित्य, भाषा, हमें आत्मिक गौरव का सदैव अभिभाष कराती है। इसीलिए जीवन में साहित्यिक पुस्तकों का विशेष महत्व है। सतसाहित्य और भाषा से जीवन गरिमा और गहरी संवेदना लिए हुए होता है। वस्तुत अच्छा साहित्य का वाचक, एक प्रशासक, एक अच्छा अभिनेता और एक अच्छा राजनेता बन सकता है। पर दूसरी तरफ एक अच्छा राजनेता, अच्छा प्रशासक, अच्छा अभिनेता बिना भाषा ज्ञान और साहित्यिक मनन के अच्छा साहित्यकार या उत्कृष्ट मानव नहीं हो सकता है। इसके लिए मनुष्य के जीवन में साहित्य के अध्ययन, मनन और चिंतन की आवश्यकता होती है। क्योंकि साहित्य में मानवीय समाज के सुख-दुख, आशा निराशा, उत्थान और पतन का स्पष्ट परिवेश स्वमेव उपस्थित रहता है। साहित्य की इन्हीं सब खूबियों के कारण उसे समाज का प्रतिबिंब कहा जाता है। साहित्य सर्वमान रूप से एक स्वायत्त आत्मा ही है, और साहित्य का रचयिता खुद स्वयं यह नहीं बता सकता कि साहित्य किसके जीवन में कब और क्या क्या परिवर्तन ला सकता है। मूलतःसाहित्य सत्य के अन्वेषण की साधना और सौंदर्य की अभिव्यंजना भी है। विशुद्ध जीवन एवं उच्च सत साहित्य मानव और समाज की संवेदना और उसकी सहज व्यक्तियों को युगों तक आने वाली पीढ़ियों में संचारित करता रहता है।और यही वजह है कि शेक्सपियर, तुलसीदास की कृतियां आज भी लोगों के हृदय में राज करती है। वैश्विक स्तर पर मनुष्य कितने ही जाति, राजनीति और भौगोलिक तौर पर अनेक गुटों में बट जाए, पर साहित्यिक धरातल एवं परिसीमा में सब एक हैं, सभी का बराबरी का दर्जा है। साहित्य मनुष्य को मानव और एक सहृदय व्यक्ति बनाना सिखाता है। दुनिया के सभी इंसान एक है, उनकी प्रवृतियां भी एक जैसी ही है। साहित्य सभी मानव में संवेदना भरकर करुणा, दया तथा परस्पर स्नेह के भाव पैदा करता है। साहित्य समय की धारा से अछूता नहीं रह सकता है। साहित्यकार उस समय काल की धारा में बैठकर उस समय की पीड़ा, संत्रास और उत्पीड़न को लेकर अपनी रचनाएं करता है, और समाज को एक परिष्कृत वातावरण बनाने के लिए प्रेरित करता है। जिस समाज में साहित्यिक परंपरा विशाल एवं समृद्ध है, वह समाज हमेशा से जीवंत और प्रगतिशील माना गया है। सत साहित्य सदैव मानवी सहज प्रवृत्तियों के साथ समय की धारा के साथ परिवर्तित एवं परिमार्जित होता रहा है। और यही कारण है कि एक अच्छा साहित्यकार एक अच्छा मनुष्य माना जाता है। और उसकी कृति युगों युगों तक जनमानस को प्रेरित, उत्प्रेरित तथा उत्साहित करती रहती है। साहित्य भविष्य की रूपरेखा वर्तमान को सामने रखकर सुनिश्चित करते हुए मानव के सोए हुए विवेक शक्ति को जागृत करने का प्रयास करता है। और श्रेष्ठतम साहित्य में मनुष्य के भीतर तथा बाहर के सार्वभौमिक मूल्यों, संदेशों और उद्देश्य को अंतर्निहित किए रहता है। यही कारण है की कबीरदास, रविंद्र नाथ टैगोर, जयशंकर प्रसाद, प्रेमचंद, शेक्सपियर, होमर, मिल्टन मानवीय चेतना के चितेरे साहित्यकार माने गए और उन्हें युगों युगों तक याद किया जाता रहेगा। वास्तव में जीवन साहित्य का आधार है, चाहे वह व्यक्ति विशेष का हो, परिवार का हो, समाज का हो, राज्य का हो या राष्ट्र का हो या संपूर्ण विश्व का जीवन के बिना साहित्य की कल्पना ही असंभव और साहित्य की समृद्धि बिना जीवंत समाज का सम्यक विकास असंभव है। साहित्य, भाषा, संवेदना जीवन का मेरुदंड है। जिंदगी में यथार्थवाद समाविष्ट रहता है और साहित्य आशावादी दृष्टिकोण से परिपूर्ण रहता है, इस तरह जीवन में यथार्थवाद और आशावाद एक दूसरे के पर्याय तथा पूरक हैं। साहित्य वैसे तो मानवीय जीवन में, जो है और जो होना चाहिए उसके बीच का एक जरिया ही है। साहित्य अपनी परिकल्पना उसे मानवीय समाज में मानवीय संबंधों के सुधार की जो आवश्यकता है, उस को रेखांकित करता है।मूल रूप से अच्छा रचनाकार, बड़ा साहित्यकार, समय काल में समाज की ही देन होता है। अतः जीवन में और साहित्य के मध्य जितना आदान-प्रदान होगा, वहां साहित्य एवं जीवन जीवंत, संवेदनशील और प्रभाव शाली होगा।

मनुष्य के जीवन में निराशा, आशंका का प्रादुर्भाव हमेशा से बना रहता है, और साहित्य जीवन में आशा, विश्वास एवं भविष्य की परिकल्पना उसे सुसज्जित रहता है। जीवन को एक नया दृष्टिकोण, एक नई दृष्टि और नया उजाला प्रदान करता है।

# भविष्य महिला है: स्टेम में महिलाओं की बढ़ती भूमिका

विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित में महिलाओं की बढ़ती भूमिका - कैरियर पथ सामूहिक रूप से स्टेम के रूप में जाना जाता है। ड्राइविंग प्रगति और एक अभिनव, भविष्य केंद्रित भावना को बढ़ावा देने में महिलाओं के अद्वितीय दृष्टिकोण और विचार आवश्यक हैं। जैसे, यह देखने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है कि स्टेम में महिलाओं की संख्या बढ़ रही है। यह रोमांचक प्रवृत्ति जारी रहेगी क्योंकि अधिक युवा लड़कियों को स्कूल में इन विषयों का पता लगाने के लिए प्रेरित किया जाता है और जैसा कि अधिक कंपनियां न केवल टीम में, बल्कि नेतृत्व की स्थिति में भी महिलाओं के होने के महत्व को पहचानती हैं।

स्टेम खोज और अवसर के साथ काम करते हुए, सबसे गतिशील कैरियर संभावनाओं में से कुछ प्रदान करता है। अगले दशक में 10.8% की अनुमानित वृद्धि दर के साथ, स्टेम में कुशल पेशेवरों की मांग निर्विवाद है। फिर भी, इस तेजी से वृद्धि के बावजूद, महिलाओं को काफी कम प्रतिनिधित्व दिया जाता है, जो कुल कर्मचारियों का 48% बनाते हुए स्टेम श्रमिकों का केवल 35% बनाते हैं। हमें स्टेम में अधिक महिलाओं की आवश्यकता क्यों है बढ़ती मांग। एसटीईएम के तेजी से विकास और विकास ने श्रमिकों और विशेषज्ञता की मांग को बढ़ा दिया है। कार्यबल में महिलाओं की संख्या पुरुषों की तुलना में लगातार बढ़ रही है और तेज दर से है। उन्होंने पूर्व-महामारी की तुलना में अब काम करने वाली अधिक महिलाओं के साथ महामारी के बाद के कार्यबल में एक मजबूत वापसी की है। इसके अतिरिक्त, महिलाएं सभी डिग्री स्तरों पर पुरुषों की तुलना में अधिक दरों पर कॉलेज में भाग ले रही हैं और स्नातक कर रही हैं। महिलाओं ने समान प्रतिनिधित्व के लिए अपनी लड़ाई में महत्वपूर्ण प्रगति की है और यह समय एसटीईएम क्षेत्र उनके महत्व और योगदान को पहचानता है। नवाचार। स्टेम समुदाय यह समझने का प्रयास करता है कि दुनिया कैसे काम करती है और रचनात्मकता और नवाचार के माध्यम से अपनी जटिल चुनौतियों से निपटती है। इस स्मारकीय उपलब्धि को प्राप्त करने के लिए महिलाओं से इनपुट की आवश्यकता होती है। अद्वितीय पृष्ठभूमि, अनुभव और दृष्टिकोण को एक साथ लाकर, हम विचारों और खोजों को आधार बनाने की अधिक क्षमता को अनलॉक करते हैं। विविध आवाजों के मिश्रण के बिना, महत्वपूर्ण समस्याओं की पहचान करना और प्रभावी ढंग से हल करना काफी अधिक चुनौतीपूर्ण हो जाता है। स्टेम में महिलाओं के बिना, दुनिया एक मूल्यवान दृष्टिकोण पर बाहर याद करेंगे और नवाचार केवल भुगतना होगा । व्यापार विकास। अनुसंधान से पता चलता है कि महिलाओं को एक प्रतिस्पर्धी लाभ और विकास के लिए आवश्यक माना जाना चाहिए। लिंग-विविध नेतृत्व टीमों वाली कंपनियां बिना किसी की तुलना में वित्तीय रूप से बेहतर प्रदर्शन करती हैं और 1,000 कंपनियों के 12-देश के अध्ययन में पाया गया है कि कंपनियों में बेहतर मूल्य सृजन की संभावना 27% अधिक थी और 21% से अधिक औसत लाभप्रदता होने की संभावना थी जब वे लिंग विविधता के लिए शीर्ष में थे नीचे के क्वार्टाइल में उन लोगों की तुलना में लैंगिक विविधता। इसके विपरीत, कम से कम लिंग, जातीय और सांस्कृतिक विविधता वाली कंपनियों को अन्य सभी कंपनियों की तुलना में औसत लाभ प्राप्त करने की संभावना 29% कम थी। विश्व स्तरीय प्रतिभा को आकर्षित करने और इष्टतम प्रदर्शन प्राप्त करने के लिए, कंपनियां महिलाओं को टेबल पर लाने वाले मूल्य को नजरअंदाज करने का जोखिम नहीं उठा सकती हैं। संभावित कमाई। स्टेम करियर लंबी अवधि के कैरियर स्थिरता के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर के साथ महिलाओं को पेश करते हैं। स्वास्थ्य सेवा, इंजीनियरिंग और सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्र समाज के कामकाज और भविष्य को आकार देने के लिए आवश्यक हैं। स्टेम करियर भी अक्सर उच्च-औसत वेतन के साथ आते हैं। स्टेम नौकरियों में महिलाएं गैर- स्टेम व्यवसायों में उन लोगों की तुलना में 33% अधिक कमाती हैं और पुरुषों के सापेक्ष एक छोटे वेतन अंतर का अनुभव करती हैं, हालांकि वेतन असमानता अभी भी मौजूद है। ये वित्तीय लाभ एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। न केवल वे व्यक्तिगत महिलाओं के व्यक्तिगत और पेशेवर विकास में योगदान करते हैं, बल्कि वे महिलाओं को अधिक आर्थिक सफलता और सुरक्षा प्राप्त करने में भी मदद करते हैं और लिंग वेतन अंतर को कम करते हैं।



विजय गर्ग

कैसे स्टेम हमारे भविष्य को आकार देता है एसटीईएम में महिलाओं को शामिल करना विज्ञान और नवाचार के भविष्य को आकार देने के लिए आवश्यक है। वर्तमान महिला नेता अगली पीढ़ी का समर्थन करने और विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित के क्षेत्रों को फिर से परिभाषित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। आकाओं, रोल मॉडल और अधिवक्ताओं के रूप में, वे क्षेत्र में अन्य महिलाओं के लिए और युवा लड़कियों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं जो पहले से कहीं अधिक इन भूमिकाओं में महिला प्रतिनिधित्व देख रहे हैं। उनकी उपस्थिति युवा लड़कियों को सशक्त बना सकती है, जिनकी एसटीईएम शिक्षा में रुचि है, एक नए प्रकाश में अपने भविष्य की कल्पना करें।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया । संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# सैकड़ो व्यापारी पहुचे जनपद मुख्यालय पर किया जोरदार प्रदर्शन सौपा ज्ञापन

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**बिजनौर।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल से संबंद्ध फर्टिलाईजर सीड्स एण्ड पेस्टीसाईड एसोसिएशन के प्रदेश स्तर के आह्वान पर जनपद के खाद, बीज एवं दवाई विक्रेताओं ने उत्पीड़न के विरोध में अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि उत्तर प्रदेश में फर्टिलाइजर, बीज एवं पेस्टीसाइड के व्यापारियों को अनेक प्रकार प्रताड़ित किया जा रहा है। मंगलवार की सुबह यूनियन से जुड़े व्यापारी शहनाई बैंकेट हॉल में इकट्ठा हुये, जहां एसोसिएशन के अध्यक्ष विपिन गुप्ता की अध्यक्षता व अनिल चौधरी के संचालन में सभा हुई। सभा को संबोधित करते हुए एसोसिएशन के महामंत्री मुनीश त्यागी ने आरोप लगाया कि प्रदेश में कृषि विभाग द्वारा खाद, बीज एवं कीटनाशक व्यापारियों पर छापे डालकर उन्हें अनैतिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। उनके लाइसेंस निलंबित/निरस्त करने सहित ईसीए की धारा 3/7 की कार्रवाई की जा रही है। इस उत्पीड़नात्मक कार्रवाई से प्रदेश के व्यापारियों में भय का माहौल है। व्यापारी भय के कारण अपनी दुकानें बंद करने की स्थिति में है। सभा को संजय राजपूत, प्रदीप सिंह, मनु कुमार, मुकेश छाबड़ा, प्रदीप शर्मा, अनुज गोयल, हरिओम अग्रवाल, वीरेंद्र सैनी, प्रखर अग्रवाल, व राजेंद्र सिंह ने भी संबोधित किया। सभा के उपरांत सैकड़ो की संख्या में व्यापारी जुलूस के रूप में नारेबाजी करते हुए शक्ति चौराहा, डाकखाना चौराहा और विकास भवन होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को दिया। ज्ञापन में शासन द्वारा निर्धारित रेट में फर्टिलाइजर दिलाने, सभी प्रकार की टैगिंग बंद कराने, कार्रवाई व्यापारी पर न करके निमार्ता पर कंपनी पर करने, व्यापारियों पर दर्ज 3/7 के मुकदमे निरस्त करने, जनपद के बाहर से आई टीम खुद को अधिकारी बता अवैध वसूली करते रहते है इस पर अंकुश लगाने, जनपद को सभी मिलों द्वारा अनैतिक रूप से किसानों के घर जाकर बिना प्रमाणिकता के कीटनाशक दवा वितरित करने पर रोक लगाने आदि मांगें की गई हैं। प्रदर्शन में जिले भर के व्यापारी बड़ी संख्या में शामिल हुये। खाद, बीज एवं दवाई विक्रेताओं की दुकानें बंद होने से किसानों को भारी परेशानियो का सामना करना पड़ा।

# सपा कार्यालय पर सुप्रीमो अखिलेश यादव का केक काटकर धूम धाम से मनाया गया जन्म दिन



**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के जन्म दिन पर रामपुर सपा कार्यालय पर केक काटकर मिठाईयां बांटी गई।

इस मौके पर सपा सांसद मोहिबुल्लाह नदवी के मीडिया प्रभारी महबूब अली पाशा ने सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव की लंबी उम्र व उनके स्वस्थ रहने की दुआ की। उन्होने कहा कि अखिलेश यादव लोह पुरूष व्यक्ति हैं और उन्होने यह बात सन 2024 के लोकसभा चुनाव में साबित कर दी। लोस चुनाव में सपा उप्र की प्रथम पार्टी व देश की तीसरे नंबर की पार्टी बन गई हैं। अखिलेश यादव पीडीए के तहत सभी वर्गो को साथ लेकर चल रहे हैं और गरीबों व नौजवानों के मुद्दों को उठा रहे हैं। आने वाले 2027 के विधान सभा चुनाव में सपा रामपुर की पांचों सीटे जीतेगी और उप्र की जनता पूर्ण बहुमत से सपा की सरकार बनायेगी। अखिलेश यादव प्रदेश के दूसरी बार मुख्यमंत्री बनेगे। इस मौके पर बदन सिंह यादव, आसिम खान, गोविन्द राणा, जुबैर अहमद, जमील सैफी, आसिफ अली, हाफिज नूरी, डा. इंतेजार अली, अरशद वकील, अकरम आदि मौजूद थे।

# बसंती माता के मंदिर पर लगे मेले में बारिश की फुहारो के बीच श्रद्धालुओं की भीड़ उमडी.



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

नजीबाबाद में आषाढ़ मास के माहीने में हर वर्ष बसंती माता के मंदिर पर मेला लगता है जिसमें हजारों श्रद्धालु भाग लेते हैं। सोमवार को बारिश के बावजूद बडी संख्या में नगर व आसपास क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों से बसंती माता के मंदिर पर हजारों श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही।

मान्यता है कि माता के मंदिर पर प्रसाद चढ़ाने से बच्चों पर खसरा, चेचक, दिल की बीमारी है का असर नहीं होता है व नव विवाहिताओ ने माता के मंदिर पर कुंडारे के नारे लगाते हुए अपने सुखद विवाहित जीवन की कामनाए की। स्थानीय दुकानदारों ने भी मंदिर के आसपास खिलौनों, प्रसाद व अन्य खाद्य सामग्री की दुकानें सजाई थी।सोमवार को बारिश के बावजूद बडी संख्या में नगर व आसपास क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों से बसंती माता के मंदिर पर हजारों श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते चौक बाजार तहसील रोड़ पर जाम भी रहा जिस में लोग काफी, काफी देर फंसे भी रहे। बसंती माता के मंदिर पर मेले में स्थानीय दुकानदारों ने भी मंदिर के आसपास खिलौनों, प्रसाद व अन्य खाद्य सामग्री की दुकानें सजाई। कहा जाता है कि आषाढ़ मास में चांदन (चांद निकलने वाले) के दिनों में लगने वाले मेलों में पहुंचने कर प्रसाद चढ़ाने व माता के दर्शन करने की अधिक मान्यता है।

# गन्ना कृषक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**नूरपुर।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चीनी बिंदल पेपर्स शुगर चांगीपुर समिति नूरपुर के ग्राम हसुपुरा मे मुख्यमंत्री जी के ह्लगन्ना कृषक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमह्व के अंतर्गत गन्ना विकास परिषद नूरपुर, सोसाइटी के मास्टर ट्रेनर द्वारा कृषक प्रशिक्षण आयोजित किया गया। मास्टर ट्रेनर ने समिति के खाद गोदामों और चीनी मिल द्वारा उपलब्ध कराये जा रहे विभिन्न कृषि प्रकार के निवेश के बारे में जानकारी दी।

शुगर मिल के इन्द्रवीर सिंह मुख्य गन्ना प्रबंधक नें गन्ने में लगने वाले विभिन्न रोग एवं कीट यथा टॉप बोरर, अर्ली शूट बोरर, पाईरिला, लाल सड़न, विल्ट आदि रोग के लक्षण, बचाव के विभिन्न प्रकार के तरीकों संबंध में प्रभावित टिलर्स को प्रदर्शित करते हुए एवं फेरोमेन ट्रैप, लाइट ट्रैप, शूट कटिंग, चीनी मिल से दिए जाने वाली सुविधाएं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी । चीनी मिल के गन्ना प्रबंधक द्वारा मिट्टी के नमूने के विषय मे जानकारी दी. उनके द्वीरा अवगत कराया गया की सोइल फर्टिलिटी मैप के अनुसार ही पोषक तत्वों को खेतो मे डाले, इनके द्वारा प्रजातीय संतुलन के बारे मे बताया गया गन्ना समिति नूरपुर मे स्थापित फार्म मशीनरी बैंक की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक चांदपुर नें विभाग द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं एवं, जैविक खेती, गन्ने की पत्तियों की मल्चिंग करने, गन्ने में ड्रिप सिंचाई, गन्ने की बुआई की ट्रेंच, रिंग पिट विधियाँ, सहफसली खेती की महत्ता, मृदा स्वास्थ्य, फसल चक्र, स्वीकृत प्रजातियों की बुआई पर जानकारी देकर कृषकों को प्रशिक्षित किया, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक द्वारा सभी कृषको को अवगत कराया की बर्तमान परिदृश्य मे आय दुगनी करने का एक मात्र विकल्प पंचामृत बिधि से खेती करना ही रह गया हैं पंचामृत बिधि से खेती करने के सभी अवयव, ट्रेंच, ड्रिप सिचाई, इंटरक्रॉपपिंग, रटून मैनेजमेंट, और ट्रेस मूलचिग सभी विधियां प्रभाव शाली हैं। गोष्ठी मे प्रगतिशील कृषक एवं मास्टर ट्रेनर ने सिंगल बड बिधि से गन्ने रोपड़ एवं महिला समूहो की उपयोगिता के बारे मे कृषको को अपना अनुभव शेयर किया।

प्रशिक्षण पश्चात कृषको को प्रगतिशील कृषक राम सिंह पुत्र महाबीर सिंह के फार्म पर विजिट कराया जहाँ पर पंचामृत खेती के गुर भौतिक रूप से सीखने का मौका मिला। कृषक के प्लाट पर सभी प्रगतिशील प्रजाति का गन्ना खड़ा हैं।

# नौशाद अख़्तर सैफी पर 77 लाख रुपये की धोखाधड़ी का आरोप

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



नजीबाबाद के समाजसेवी नौशाद अख़्तर सैफी और उनकी पत्नी के खिलाफ 77 लाख रुपये की धोखाधड़ी का गंभीर आरोप दर्ज हुआ है। यह मामला राधा अग्रवाल पत्नी संजय अग्रवाल द्वारा दायर किया गया है, जिन्होंने इस संबंध में माननीय न्यायालय की शरण ली।ऋकफ के अनुसार, राधा अग्रवाल ने पहले नजीबाबाद थाना और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत पत्र दिया था, लेकिन कोई ठोस कार्यवाही नहीं होने पर उन्होंने अदालत का दरवाजा खटखटाया। अदालत के आदेश के बाद नजीबाबाद पुलिस ने नौशाद अख़्तर सैफी और उनकी पत्नी के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

अब इस मामले की जांच थाना नजीबाबाद पुलिस को सौंपी गई है, पुलिस विवेचना के बाद ही पूरी तरह से इस मामले की सच्चाई सामने आएगी।

# पुलिस अधीक्षक रामपुर ने अमर उजाला अखबार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में छात्रों को किया गया सम्मानित

**वेलकम इंडिया**




**रामपुर।** रंगोली मंडप में अमर उजाला अखबार द्वारा आयोजित सम्मान समारोह भविष्य ज्योति झ्र 2025 में पुलिस अधीक्षक, रामपुर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की ।यह कार्यक्रम उन छात्रों के प्रोत्साहन हेतु आयोजित किया गया था जिन्होंने बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है ।

समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ । पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा अपने संबोधन में कहा, ?छात्र देश का भविष्य हैं। शिक्षा ही वह आधार है जिस पर सशक्त समाज और राष्ट्र की नींव रखी जाती है।

उन्होंने सभी मेधावी छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि न केवल शैक्षणिक उपलब्धियाँ, बल्कि नैतिक मूल्यों और समाज सेवा की भावना को भी जीवन में अपनाना चाहिए ।पुलिस अधीक्षक, रामपुर ने कार्यक्रम के दौरान कई विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल आदि भेंट कर सम्मानित किया ।

# राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकताओं ने वीर अब्दुल हमीद की जयंती पर उनकी तस्वीर पर फूल माला पहनकर उन्हें खिराजे अकीदत पेश की




**वेलकम इंडिया**

**रामपुर।** राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के कार्यकताओं ने प्रदेश महासचिव मोहम्मद उस्मान बबलू के नेतृत्व में वीर अब्दुल हमीद की जयंती पर उनकी तस्वीर पर फूल माला पहनकर उन्हें खिराजे अकीदत पेश की बोलते हुए प्रदेश महासचिव ने कहा कि वीर अब्दुल हमीद जी द्वारा देश के लिए बलिदान दिया गया है जो हमेशा हर हिंदुस्तानी के दिल में रहेगा उनकी जयंती और पुण्यतिथि पर उन्हें हमेशा हमेशा हिंदुस्तानी उत्साह पूर्वक मानते रहेंगे क्योंकि हमारे देश के वीर जवानों ने हिंदुस्तान के लिए अपने प्राणों की बलि दी है जो बहुत ही गर्व की बात है राष्ट्रीय लोक दल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जनपद रामपुर देश के हर वीर जवान की शहादत को याद रखेगा जब तक राष्ट्रीय लोक दल रहेगा जब तक हर देश के वीर जवान की जयंती और पुण्यतिथि मानती रहेगी कार्यक्रम में सब्बू भाई मंजू खान हाफिज गुड्डू शकील सैफी और तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आगामी त्योहारो को लेकर निमार्णाधीन नेशनल हाईवे का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



बिजनौर जिला अधिकारी जसजीत कौर ने बिजनौर नगीना नेशनल हाईवे का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों से वार्ता भी की जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र और कोतवाली देहात के रहने वाले लोगों द्वारा उनको नेशनल हाईवे पर हो रहे निर्माण कार्य से अवगत कराया गया था ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए जिला अधिकारी जसजीत कौर ने आज कोतवाली देहात पहुंचकर निर्माण दिन नेशनल हाईवे का निरीक्षण किया और ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुए जल्द ही सड़क के निर्माण कार्य को पूर्ण रूप से करने के दिशा निर्देश दिए

नेशनल हाईवे पर हो रहे निर्माण कार्यों में ग्रामीणों को पिछले 2 सालों से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और जगह-जगह सड़कों पर गड्ढे हो रहे हैं बरसात होने के कारण सड़क पर पानी भर जाता है टू व्हीलर वाहन और फोर व्हीलर वाहन चालकों को भी सड़क पर भरें पानी और गड्ढों से होकर गुजरना पड़ता है जिससे भारी परेशानियो का सामना करना पड़ता है बारिश होने के कारण सड़के तालाब में तब्दील हो जाती है कावड़ यात्रा के दौरान भोले कोतवाली देहात से होकर गंगाजल लेने के लिए हरिद्वार जाते हैं आगामी त्यौहार और ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुए जिला अधिकारी जसजीत कौर ने आज कोतवाली देहात पहुंचकर कांवड़ यात्रा और मोहर्रम मार्ग का भी निरीक्षण किया और समस्याओं को सुनकर रोड पर हो रहे गड्ढे में जल भराव की परेशानी को देखते हुए सड़क के निर्माण को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए

# टैक्स बार एसो के पदाधिकारियों और सदस्यों को चुनाव अधिकारी ने शपथ ग्रहण कराई

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**




रामपुर। रामपुर टैक्स बार एसो. की नई कार्यकारिणी का चुनाव परिणाम घोषित कर चयनित पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों को चुनाव अधिकारी ने शपथ ग्रहण कराई। अध्यक्ष पद पर वरिष्ठ अधिवक्ता एवं शहर विधायक आकाश सक्सैना के चाचा सर्वेश बहादुर सक्सैन, उपाध्यक्ष पद पर नवीन कुमार जैन व आशीष कमथानिया, सचिव पद पर गुलरेज खान व आशीष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पद पर अंकुर चावला एवं कार्यकारिणी सदस्यों के पदों पर अजीम इकबाल खां, अतुल कुमार सक्सैना, राजीव कुमार सक्सैना, सैयद हैदर अली, शैलेन्द्र कुमार विद्यार्थी, राजेश कुमार सैनी, गौरव अग्रवाल ने शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम में मौजूद बार के सदस्यों व जनप्रतिनिधियों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्यों को फूलों की माला पहनाकर गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। इस मौके पर बार काउंसिल आफ उप्र के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान सदस्य शिरीष कुमार महरोत्रा ने रामपुर टैक्स बार एसो. के अध्यक्ष पीके चावला को बार कौसिंल आफ उप्र से संबद्वता का प्रमाण पत्र सौंपा और कहा कि रामपुर बार टैक्स एसो. अब विधिवत रूप से बार कौसिंल आफ उप्र से सम्बद्व एक मजबूत बार के रूप में अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए चलाई जाने वाली योजनाओं का लाभ प्रदान करवाने के लिए अधिकृत हो गई हैं। इस मौके पर मोहसिन अख्तर, मशकूर अहमद, अंकित सिंघल, प्रदीप कुमार, रोहित लाठे, कार्तिक सिंघल, गौरव अग्रवाल, मनीष कुमार, सैयद आमिर मियां, गुलरेज खां, नवीन कुमार जैन, नदीम खान, राजीव अग्रवाल आदि रहे।

# अब सहारनपुर एसएसपी के पास बैठकर अपनी पीड़ा सुनाएंगे फरियादी

**वेलकम इंडिया,राजीव चौधरी**



**सहारनपुर।** सहारनपुर के नए एसएसपी आशीष तिवारी ने पदभार संभालते ही एक अनोखी पहल की है, जिसमें फरियादी अब एसएसपी के सामने कुर्सी पर बैठकर अपनी समस्याएं बताएंगे और उनका निस्तारण करवाएंगे। इस पहल से फरियादियों को अपनी बात कहने में आसानी होगी और वे बिना किसी झिझक के अपनी समस्याएं साझा कर सकेंगे। आशीष तिवारी एक तेज तर्रार अधिकारी हैं जो बिना किसी भेदभाव के कार्रवाई करने के लिए जाने जाते हैं। वह लखनऊ सीआईडी में एसपी रह चुके हैं और अब सहारनपुर के एसएसपी के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उनके इस नए कदम की सराहना की जा रही है क्योंकि इससे फरियादियों को अपनी समस्याएं बताने में आसानी होगी और वे अपने मुद्दों का त्वरित समाधान प्राप्त कर सकेंगे अधिकाश स्थानों पर जहां लोगो को बैठने तक की सुविधा नहीं मिलती वही बड़े अफसरों को समय अभाव के कारण उनकी समस्या को बिना उन्हें बैठाए खड़े खड़े सुनना पसंद करते हैं, और ऊपर से पीछे लगी लाइन के चलते लोग अपनी बात भी ढंग से बता नहीं पाते और नतीजन समाधान अधूरा रह जाता है। लेकिन नए कप्तान की नई पहल फरियादियों की समस्याओं के निस्तारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी ऐसी उम्मीद जताई जा सकती है।

# प्री०यू०पी० स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप का उद्घाटन

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** मंडलायुक्त श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने जनपद मथुरा में पहली बार आयोजित प्री०यू०पी० स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप का फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में पुलिस उपमहानिरीक्षक श्री शैलेश कुमार पाण्डेय, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार उपस्थित रहे। प्री०यू०पी० स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप का आयोजन मथुरा राइफल एसोसिएशन के सहयोग से बी0एस0ए0 कॉलेज में संपन्न हुआ। दिनांक 1 से 4 जुलाई 2025 तक पूरे उत्तर प्रदेश से लगभग 1000 निशानेबाज प्रतिभाग करेंगे।

जिला राइफल एसोसिएशन मथुरा के तत्वाधान में आयोजित 27वीं यू0पी0 प्री स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मंडलायुक्त श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि खिलाड़ियों को दृढ़ता से




दक्षता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध रहना चाहिए। निरंतर अभ्यास ही हमारी दक्षता बढ़ाता है और निरंतरता से ही लक्ष्य आसान होते हैं। अति विशिष्ट अतिथि श्री पुलिस उपमहानिरीक्षक श्री शैलेश कुमार पांडेय ने कहा कि खिलाड़ियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि निशानेबाजी के खेल में अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण ही खिलाड़ी को लक्ष्य भेदने में मार्ग प्रशस्त करता है। जिलाधिकारी श्री चंद्र प्रकाश सिंह ने कहा कि मथुरा में पहली बार निशानेबाजी की प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता हो रही है, जिसके आयोजन में हम खिलाड़ियों के लिए सभी सुविधाओं की व्यवस्था का ध्यान रखेंगे। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने कहा कि खेल व्यक्तित्व विकास में सहायक है तथा अभिभावकों को अपने बच्चों को शिक्षा के साथ ही खेलों के प्रति भी जागरूक रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेलने से शारीरिक और मानसिक विकास होता है तथा आत्मविश्वास व टीम भावना का विकास होता है। खेलों से स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान होता है। यू0पी0 स्टेट राइफल एसोसिएशन के महासचिव श्री जी एस सिंह ने खिलाड़ियों के शस्त्र लाइसेंस में प्रशासन द्वारा उचित सहयोग करने की मांग की गई। कार्यक्रम आयोजक श्री राकेश कुमार नगर मजिस्ट्रेट एवं शूटिंग कोच मनीष चौधरी ने सभी अतिथियों को अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री श्लोक कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमरेश कुमार, पुलिस अधीक्षक नगर राजीव कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर भूषण वर्मा, नगर निगम से सहायक नगर आयुक्त राकेश त्यागी, डिप्टी कलेक्टर ऊषा सिंह, शूटिंग कोच विक्रांत सिंह तोमर, सादिक अनीश, वेदप्रकाश शर्मा, विकास तोमर, कैप्टन फरीदुद्दीन,विजय चंदेल, डा हिमानी सिंह, अनिल कुमार पाल आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शूटिंग कोच मुकेश चौधरी ने किया।

# विद्यालय खुलने पर जिलाधिकारी ने बच्चों पर तिलक लगाकर व पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

असदुल्लाह सिद्दीकी

**उसका /सिद्धार्थनगर।** ग्रीष्मावकाश के बाद परिषदीय विद्यालय के बच्चों के लिए विद्यालय खुलने पर जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा विकास खण्ड उसका बाजार के प्राथमिक विद्यालय नंदाडीह में बच्चों को तिलक लगाकर एवं उन पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा बच्चों को पुस्तक व अन्य सामग्री सहित चाकलेट का वितरण किया गया। जिलाधिकारी ने अध्यापक को निर्देश दिया कि बच्चों का नामांकन बढ़ायें।




नामांकन के सापेक्ष बच्चों की उपस्थिति अवश्य होना चाहिए। इसके साथ ही बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना शिक्षक का दायित्व है।मिड-डे मील निर्धारित मेन्यू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण बनवाये। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेष कुमार, खण्ड शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश मिश्र, जिला समन्वयक अमित कुमार शुक्ल, करुणा पति त्रिपाठी, आशीष मिश्रा, अमित पाण्डेय, संदीप कुमार व सभी अध्यापक एवं बच्चें उपस्थित रहे।

# पारिवारिक विवाद में दादा की पीटकर की हत्या, दो पोते गिरफ्तार

असदुल्लाह सिद्दीकी

**मिश्रौलिया/सिद्धार्थनगर।** थाना क्षेत्र मिश्रौलिया के बनकटा पश्चिम गांव में सोमवार रात पारिवारिक विवाद में पोतों ने लाठी-डण्डों से पीट-पीटकर अपने ही दादा रामकरन यादव (65) की हत्या कर दी। पुलिस ने मामले में तीनों पर केस दर्ज कर आरोपित दो पोतों को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है, जबकि तीसरे की तलाश की जा रही है। क्षेत्र के बनकटा पश्चिम गांव निवासी मृतक रामकरन यादव के सात बेटे हैं और सभी अलग-अलग रहते हैं। परिवार के बीच आए दिन घरेलू मसलों को लेकर विवाद चला आ रहा था। सोमवार की रात करीब आठ बजे मृतक के छोटे बेटे वीरेंद्र कुमार यादव का अपने बड़े भाई शिव कुमार के बेटों आकाश, विकास और दुर्गेश से किसी बात पर विवाद हो गया। वीरेन्द्र के अनुसार तीनों ने लाठी-डण्डों से उस पर हमला कर दिया। जब उनके पिता राम करन यादव बीच-बचाव करने पहुंचे तो हमलावरों ने उन्हें भी नहीं बख्शा और सिर पर वार कर दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल रामकरन को आनन-फानन में मेडिकल कॉलेज सिद्धार्थनगर ले जाया गया जहां रात करीब 1:30 बजे डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर मंगलवार तड़के मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर जरूरी साक्ष्य जुटाए। सीओ इटवा शुभेंदु सिंह ने बताया कि तीनों आरोपी मृतक के पोते हैं। दो को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है और उनके खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस तीसरे आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है। पुलिस के अनुसार, मामला आपसी रंजिश और लंबे समय से चल रहे घरेलू तनाव से जुड़ा है। जांच सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर की जा रही है।

# बीस सूत्रीय कार्यक्रम में पुनः दूसरी बार बागेश्वर जिले का लगातार उत्कृष्ट प्र्रदर्शन

वेलकम इंडिया

**बागेश्वर, गोविन्द मेहता,** उत्तराखंड शासन द्वारा संचालित 20-सूत्रीय कार्यक्रम की अप्रैलझ्रमई 2025 की प्रगति रिपोर्ट में बागेश्वर जनपद ने राज्य में पुनः दोबारा प्रथम स्थान प्राप्त कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। रिपोर्ट के अनुसार, बागेश्वर ने कुल 111 में से 61 अंक अर्जित किए, जो कि 54.95 प्रतिशत है। इस प्रदर्शन के आधार पर बागेश्वर प्रदेश के सभी 13 जनपदों में प्रथम स्थान पर रहा। यह उपलब्धि विभिन्न सामाजिक एवं आर्थिक योजनाओं में जनपद के उत्कृष्ट क्रियान्वयन को दशार्ती है। जिलाधिकारी द्वारा बैठकों में समय से कार्ययोजनाओं को पूरा करने के निर्देश और जिले के मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सभी विकास कार्यो में समय समय पर विभिन्न विकास कार्यो की निगरानी हेतु बैठक में अधिकारियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के निर्देश दिए जाने से परस्पर तालमेल से बागेश्वर जनपद ने प्रदेश में विशेष उपलब्धि पाई है।विशेष रूप से बागेश्वर ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत नए एवं संवर्धित स्वयं सहायता समूहों के गठन में 331.25 प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति कर राज्य में सर्वोच्च प्रदर्शन किया है।इसके अतिरिक्त स्वयं सहायता समूहों को रिवॉल्विंग फंड और कम्युनिटी इन्वेस्टमेंट फंड प्रदान करने में भी जनपद को ए ग्रेड प्राप्त हुआ है। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ग्रामीण शौचालय निर्माण में 38 प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति के साथ बागेश्वर ने एक बार फिर ए ग्रेड अर्जित किया है। खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में भी जनपद ने सभी श्रेणियों झ्र प्राथमिक परिवार ,अंत्योदय अन्न योजना तथा राज्य खाद्य सुरक्षा योजनाझ्र में 100 प्रतिशत से अधिक खाद्यान्न वितरण कर उत्कृष्ट कार्य किया है।पोषण सेवाओं के अंतर्गत गर्भवती और धात्री माताओं को टेक होम राशन वितरण में बागेश्वर ने 122.66 प्रतिशत उपलब्धि हासिल कर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है।यह समग्र सफलता जनपद प्रशासन, विभागीय अधिकारियों, ग्राम स्तरीय संस्थाओं तथा स्थानीय नागरिकों के बेहतर समन्वय और निरंतर प्रयासों का परिणाम है।



जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए मुख्य विकास अधिकारी आर सी तिवारी सहित समस्त संबंधित विभागों को बधाई दी है तथा आशा व्यक्त की है कि भविष्य में भी इसी प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ जनकल्याणकारी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन किया जाएगा।

# तहसील प्रांगण मे सुंदरकांड पाठ कार्यक्रम को प्रशासन ने रोका

संजीव कुमार गुप्ता

**इटवा/सिद्धार्थनगर।** संगठन पूर्वांचल विकास मंच एवं भारतीय किसान यूनियन टिकैत के अध्यक्ष व जिलाध्यक्ष ने तहसील प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि इटवा तहसील पर मंगलवार को सुबह 11बजे से 12बजे तक एक घंटे के लिए सुन्दरकाण्ड पाठ प्रस्तावित था। जिसे इटवा तहसील प्रशासन द्वारा तहसील प्रांगण मे करने से रोक लगा दिया गया।

संगठन पूर्वांचल विकास मंच एवं भारतीय किसान यूनियन टिकैत के तत्वाधान में भ्रष्टाचार मुक्ति के लिये इटवा तहसील प्रांगण में सुंदरकांड पाठ एक घंटे के लिए प्रस्तावित था जिस पर इटवा तहसील प्रशासन द्वारा तहसील प्रांगण में कार्यक्रम को न किए जाने के लिए बलपूर्वक प्रयास किया गया और कार्यक्रम में होने वाले पूजा पाठ सामग्री जनरेटर, साउंड सिस्टम को जबरदस्ती अपने कब्जे में ले लिया और तहसील प्रांगण इटवा में सुंदरकांड का पाठ किए जाने से मना कर दिया। जिस पर संगठन के लोगों ने सुंदरकांड पाठ किए जाने को इच्छा प्रबल कर पूर्वांचल विकास मंच कार्यालय पे भ्रष्टाचार से मुक्ति और अधिकारियों व समाज के बुद्धिजीवी वर्ग को सद्बुद्धि प्रदान करने के उद्देश्य से एक घंटा 20 मिनट सुंदरकांड का पाठ शांतिपूर्ण तरीके से किया। पूर्वांचल विकास मंच के अध्यक्ष नंदलाल सोनी ने कहा कि यह अनूठा एक आध्यात्मिक प्रयास है। ये निश्चित रूप से राष्ट्रहित,जनहित एवं सकारात्मक ऊर्जा और सामूहिक चेतना को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा है।

# गढ़ रोड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मनाया गया चिकित्सक जन्म उत्सव

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार

हापुड़ जनपद हापुड़ के गढ़ रोड़ स्थित बाबू राम चरण दास सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मै मनाया गया चिकित्सा जन्म उत्सव व डॉक्टर्स डे के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के अध्यक्ष रितिक त्यागी के द्वारा दीपू सैनी को सम्मानित किया गया जिस अवसर पर पार्टी के अन्य कार्यकर्ता अथवा युवा भी आकाश शर्मा विकास शर्मा समलित हुऐ और डॉक्टर के महत्व को बताते हुए उनकी प्रशंसा की आत हम आपको बता दे की हापुड गढ़ रोड स्थित सामुदायिक केंद्र मै मरीजों को बहतर सुविधा मिलती है की जैसे सीटी स्कैन अल्ट्रासाउंड एक्स-रे व गर्भवती महिलाओं के लिए भी सारी सुविधाएं और सभी मरीजों के चिकित्सक बैठते हैं रोजाना 50 से भी अधिक सीटी स्कैन



किए जाते है और बहुत अल्ट्रासाउंड भी किए जाते हैं सभी चीज निशुल्क की जाती हैं दवाइयां भी निशुल्क मिलती हैं मात्र ?1 की पर्ची द्वारा अभी मैरिज लाभ उठाते हैं इस अवसर पर बड़ा ही खुशी का माहौल रहा।

# नवनियुक्त ईओ शोहरतगढ़.ने संभाला कार्यभार, दी बधाई



असदुल्लाह सिद्दीकी

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़ में नवनियुक्त अधिशासी अधिकारी (ईओ) राजेश चौधरी ने कार्यभार ग्रहण किया। अधिशासी अधिकारी (ईओ) राजेश चौधरी ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे लाभकारी योजनाओं का लाभ सीधे पात्रों तक पहुंचाया जाना पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि नगर को स्वच्छ और सुन्दर बनाने के लिए पूरा प्रयास करूंगा। वह आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़ के साप्ताहिक बाजार में गोलघर से भारत चौक व पुलिस बूथ तक पैदल भ्रमण किया। उन्होंने नगरवासियों से कहा कि जो लोग अपने दुकान व आवास के सामने अतिक्रमण करके मार्ग अवरूद्ध कर दिये हैं, वह अतिक्रमण हटा लें, वरना उनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। इस दौरान अध्यक्ष उमा अग्रवाल, अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, लिपिक राजेश त्रिपाठी, कमलेश गुप्ता, बीडी कसौधन, सभासद प्रतिनिधि शिवरतन कनौजिया, सभासद अशरफ अंसारी उर्फ बाबूजी, वकील खान, दुर्गेश अग्रहरि आदि लोग मौजूद रहें।

# अध्यक्ष अखिलेश यादव के 52 वें जन्म दिवस को कार्यकताओं ने जन सेवा दिवस के रूप में मनाया

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़/** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री,पी.डी.ए के जननायक अखिलेश यादव के 52 वें जन्मदिवस को जन सेवा दिवस के रूप में समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रम कर बड़े ही धूमधाम से मनाया।आपको बता दें कि समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष पीयूष वाल्मीकि के नेतृत्व में अतरपूरा चौपला पर उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन के शुभ अवसर पर कड़ी धूप में राहगीरों को शीतल जल एवं फल का वितरण कर जन सेवा दिवस के रूप में मनाया गया ।इस अवसर पर कार्यक्रम में ललित सिंह,युवजन सभा के ज़िलाध्यक्ष संजय गहलोत,रोहित पारचा, रिक्की दिलोर,कुनाल मंडोठिया, मोहित खटीक,आदेश गोस्वामी, मुंतहीर सलमानी,माधव शर्मा,वंश आदि शामिल रहे।




# गांव मे चौपाल लगाकर बसपा सरकार में किये गये कामों को जनता को बतायें- शमीम

असदुल्लाह सिद्दीकी

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री कु मायावती के चार बार की सरकार में किये गये जनकल्याणी कामों को गांव-गांव जाकर बसपा कार्यकर्ता जनता तक पहुंचाने का काम करें। उक्त बातें शोहरतगढ विधानसभा के भैयसहवा चौराहा पर चौपाल दौरान बसपा पूर्व जिला महासचिव शमीम अहमद ने कहा कि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर के सपनों को साकार करने के लिए समतामूलक समाज की संस्थापना करने वाली सरकार बनाने के लिए में बहुजन समाज पार्टी की सरकार



बनाना है शमीम ने कहा कि भाजपा सरकार में मंहगाई चरम सीमा पर है लूट डकैती आम बात है कानून नाम की कोई चीज नहीं है जनता पांचवीं बार बहन को मुख्यमंत्री बनाने का मन बना लिया है कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर संगठन को मजबूत करने में लग जायें।इस दौरान जिला कोषाध्यक्ष मुनीराम राजभर जगनारायन गौतम बसराज गौतम गंगा राम कल्लू प्रसाद मगनू चौहान रमेश कुमार जलनधर अवधराम सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एसएसपी द्वारा कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत कांवड़ियों के आने-जाने वाले कांवड़ मार्गों का भ्रमण/निरीक्षण कर लिया सुरक्षा-व्यवस्थाओं का जायजा

वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** मंगलवार को कांवड़ यात्रा के अवसर पर जल लेकर जनपद बुलंदशहर क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने के लिए मंगलवार को अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ जोन मेरठ भानू भास्कर, पुलिस उप महानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र मेरठ कलानिधि नैथानी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा अन्य अधिकारियों व पुलिस फोर्स के साथ थाना डिबाई, थाना नरौरा, थाना अनूपशहर क्षेत्र में श्रद्धालुओं/कांवड़ियों के आने-



जाने वाले कांवड़ मार्गों व घाटो का भ्रमण/निरीक्षण किया गया तथा थाना अहार क्षेत्रान्तर्गत अम्बकेश्वर मंदिर में कावडियों द्वारा जलाभिषेक किए जाने के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए शिवलिंग पर जलाभिषेक एवं पूजा अर्चना की गई। कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए की जा रही तैयारियों की भी समीक्षा की गई तथा सम्बन्धित को निर्देश दिए गए कि यात्रा मार्ग के किनारे से झाड़ियों की साफ सफाई, मार्ग की मरम्मत, पेयजल, स्वास्थ्य कैंप, विद्युत पोल को कवर कराने, मार्ग पर प्रकाश व्यवस्था कराने के साथ ही सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर शंकर प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण तेजवीर सिंह, एसडीएम अंगद कुमार यादव डिबाई क्षेत्राधिकारी डिबाई शोभित कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे ।

# जीएम नर्सिंग पैरामेडिकल कॉलेज & हॉस्पिटल ने मनाया डॉक्टर्स डे

वेलकम इंडिया




**मथुरा/गोवर्धन।** जी एम नर्सिंग पैरामेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कुंजेरा रोड नीमगांव गोवर्धन में डाक्टर्स डे मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज के छात्र छात्राओं ने मिलकर दीप प्रज्वलित किया और नर्सिंग के शिक्षक श्री कन्हैया सैनी ने इस अवसर पर ए०एन०एम० व जी एन एम के छात्र छात्राओं को एन जी ट्यूब इन्टूबेशन और केथेट्राईजेशन एवं ग्लास गो कोमा स्केल के बारे में जानकारी प्रदान की। वही कॉलेज डायरेक्टर बी०बी०शर्मा ने बताया यह दिवस पश्चिम बंगाल के एक महान चिकित्सक और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. बिधान चंद्र रॉय की जयंती और पुण्यतिथि के अवसर पर मनाया जाता है। 1 जुलाई, 1882 को जन्मे डॉ. बीसी रॉय ने भारत के चिकित्सा परिदृश्य को आगे बढ़ाने और इसकी स्वास्थ्य सेवा नीतियों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।भारत में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस की शुरूआत 1991 में हुई थी जब भारत सरकार ने औपचारिक रूप से 1 जुलाई को चिकित्सक दिवस के रूप में घोषित किया था। यह वह दिन है जब भारत के चिकित्सा और राजनीतिक मामलों में एक प्रसिद्ध चिकित्सक और प्रमुख व्यक्तित्व डॉ. बिधान चंद्र रॉय का जन्म और निधन हुआ था।बिधान चंद्र रॉय, डॉक्टर्स डे 1 जुलाई को पूरे भारत में मनाया जाता है। डॉ. रॉय का जन्म 1 जुलाई, 1882 को हुआ था और उनका निधन 1 जुलाई, 1962 को हुआ था। मानवता के लिए उनके योगदान के लिए उन्हें इस दिन याद किया जाता है। इसी मोके पर कॉलेज प्रधानाचार्य चंचल कुमार सैनी, डॉ तेजेंद्र शर्मा, विशाल सिंघल, कोमल गोस्वामी, कन्हैया सैनी, नेहा, राहुल सिनसिनवार, विकाश यादव, रामकुमार सैनी, गुरुदेव, बलदेव सैनी, दीनदयाल, बलराम, मनोज समाधियां आदि स्टाफ उपस्थित रहा।

# खंड शिक्षा अधिकारियों ने जया कोचिंग का किया उद्घाटन

वेलकम इंडिया/चरण सिंह



**बरेली।** कैंट थाना क्षेत्र के बारीनगला गांव में स्थित जया लोन में जया कोचिंग का उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप खंड शिक्षा अधिकारी सहसवान मनोज राम, खंड शिक्षा अधिकारी क्यारा पूरन सिंह, जिला पंचायत सदस्य, राजेंद्र पटेल और मंडल अध्यक्ष पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ विनोद कुमार शर्मा उपस्थित रहे। कोचिंग का उद्घाटन दोनों ही खंड शिक्षा अधिकारियों ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी पूरन सिंह कोचिंग में प्रवेश लेने वाले छात्र छात्राओं के साथ अध्यापकों को शुभकामनाएं दी। खंड शिक्षा अधिकारी मनोज राम ने कोचिंग के प्रबंधक धर्मेंद्र पटेल से कहा कि गरीब और शोषित वर्ग के बच्चों को इस कोचिंग में निशुल्क पढ़ने की व्यवस्था दी जाए जिससे समाज में एक अच्छा संदेश जा सके। इस खास अवसर पर कप्तान सिंह, प्रवेश पटेल, सूरज सक्सेना, प्रीति शर्मा, आशा रानी, रजी हसन, सरिता मौर्य, पूजा केसरवानी, नरेंद्र सिंह तोमर आदि भी उपस्थित रहे।

# मतदान कार्मिकों का प्रथम रेंडमाइजेशन संपन्न



वेलकम इंडिया

बागेश्वर, मतदान कार्मिकों का प्रथम रेंडमाइजेशन कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष में संपन्न हुआ।जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट आशीष भटगांई की उपस्थिति में यह प्रक्रिया पूरी की गई, जिसमें चुनाव ड्यूटी के लिए तैनात 1120 कार्मिकों का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया। इनमें 560 पीठासीन अधिकारी और 560 मतदान अधिकारी प्रथम शामिल हैं। इन सभी कार्मिकों को चार व पांच जुलाई को सैद्धांतिक और व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी, अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल, जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या, प्रभारी सहायक निर्वाचन अधिकारी प्रेम प्रकाश, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी एकता बोहरा भी उपस्थित रहे।

# चर्च, मस्जिद व कोर्ट में होने वाली शादी में माता-पिता की सहमति अनिवार्य होनी चाहिए : हिन्दू एकता वाहिनी

वेलकम इंडिया



**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा)** : हिन्दू एकता वाहिनी ने आज समान नागरिक संहिता कानून को लेकर राज्यपाल के नाम जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। हिन्दू एकता वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष पीयूष महता ने बताया कि देश के 15 राज्यों व हरियाणा के 19 जिलों में हिन्दू एकता वाहिनी द्वारा ज्ञापन सौंपे गए हैं। हिन्दू एकता वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हुकम सिंह भाटी ने बताया कि राज्यपाल के नाम सौंपे ज्ञापन में हिन्दू एकता वाहिनी ने कहा है कि हरियाणा सरकार ने पिछले कई वर्षों में अनेक जन कल्याणकारी निर्णय लिए हैं जिसका लाभ सीधे जनता को मिल रहा है। हरियाणा प्रदेश के जनमानस की भावनाओं के अनुकूल कुछ बातों पर हरियाणा में कानूनी प्रावधान किए जाने का सुझाव हिन्दू एकता वाहिनी देती है। इनमें उत्तराखंड राज्य की तरह हरियाणा में भी समान नागरिक संहिता कानून पास होना चाहिए। इसमें तीन बच्चों से अधिक वाली दंपति को सरकारी सुविधाओं व मतदान के अधिकार से वंचित किया जाना चाहिए। जो लड़की देश से बाहर विवाह कर ले, उसके विवाह की तारीख से ही उसकी भारतीय नागरिकता समाप्त की जानी चाहिए। किसी भी परिस्थितियों में परिवार की सहमति के बिना लड़का या लड़की की शादी कोर्ट मैरिज, आर्य समाज मंदिर, मौलवी या चर्च में की जाती है उसमें माता-पिता की सहमति अनिवार्य होनी चाहिए। धर्म परिवर्तन करके कराई गई शादी अमान्य होनी चाहिए तथा पैतृक संपत्ति से भी वंचित किए जाने का प्रावधान होना चाहिए। हिन्दू एकता वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव विकास बिश्नोई ने पूरे देश में सौंपे गए इन ज्ञापनों को उत्साही कार्यक्रम बताया। हिंदू एकता वाहिनी के जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र मेहता के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन के अवसर पर पार्षद राजेन्द्र बिढ़लान, पूर्व पार्षद पिंकी शर्मा, एडवोकेट सुनीता श्योकंद, शंकर नांगरू, सुरेन्द्र खुराना, राजीव राजपाल, संदीप भाटिया, श्याम मधु, बसंत छाबड़ा, मोहित गिरधर, अमरनाथ कुकरेजा, विपिन कुकरेजा, शैली कुकरेजा, वासुदेव गेरा, सुदर्शन मुखीजा, सुनील कुमार, दीपक वसूजा, सोनू चावला, विक्की अरोड़ा, नारायणदास डाबर, सुभाष मुखीजा, साधिका अरोड़ा, ललित ग्रोवर, संदीप दुआ, दर्शन नारंग, शाम लाल, देव कुमार, अजय ग्रोवर, गौरव कटारिया, हरीश भाटिया आदि मौजूद थे।

# गोवर्धन में सुनार की दुकान से लाखों रुपये की चोरी



वेलकम इंडिया

**मथुरा/गोवर्धन।** कस्बे के मुख्य त्रिपोलिया बाजार में चोरों ने सर्राफ की एक दुकान को अपना निशाना बनाया। चोरों ने दुकान में रखी अल्मारियों के ताले तोड़कर लाखों के सोने चांदी के जेवरात आदि पर हाथ साफ कर दिया। बाजार में हुई चोरी की घटना को लेकर व्यापारियों में आक्रोश है। गोवर्धन के मुख्य बड़ा बाजार में सब्जी मंडी के पास त्रिपोलिया बाजार में राकेश वर्मा की सोने चांदी की दुकान है। राकेश रात को दुकान बंद करने के बाद अपने घर चले गए। सुबह जब वह दुकान खोलने के लिए आए तो दुकान में हुई चोरी की वारदात को देख उनके होश उड़ गए। दुकान में हुई चोरी का पता लगते ही बाजार में व्यापारियों में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते राकेश वर्मा की दुकान के आगे व्यापारियों की भीड़ लग गई। चोरों ने छत को काट कर दुकान में अंदर प्रवेश किया और वहां रखी अलमारी को तोड़ कर उसमें रखे सोने चांदी के सभी आभूषण चोरी कर लिए। दुकान मालिक राकेश वर्मा का कहना बाजार में हुई चोरी की वारदात से व्यापारियों में आक्रोश है। चोर दुकान से ढाई तोला सोना, ढाई किलो चांदी, 30 नकदी चुरा ले गए हैं। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

# सांसद छत्रपाल सिंह ने संचारी रोग एवं दस्तक नियंत्रण अभियान का शुभारंभ किया

वेलकम इंडिया/चरन सिंह




**बरेली।** सीबीगंज क्षेत्र में संचारी रोग एवं दस्तक नियंत्रण अभियान का जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ बरेली के सांसद छत्रपाल गंगवार एवं कैंट विधायक संजीव अग्रवाल द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बरेली के सांसद छात्रापल गंगवार एवं विधायक कैंट संजीव अग्रवाल रहे। इस अवसर पर ए डी हेल्थ डॉक्टर साधना अग्रवाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विश्राम सिंह, जिला सर्विलांस अधिकारी डॉक्टर अखिलेश्वर सिंह, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉक्टर प्रशांत रंजन, एस एम ओ डॉक्टर पी बी कौशिक, नोडल अधिकारी एन यू एच एम बरेली डाक्टर अजमेर सिंह, अर्बन हेल्थ कोऑर्डिनेटर अकबर हुसैन, डॉक्टर आदेश कुमार गंगवार, अशोक गंगवार, अरुण कश्यप, ज्ञान प्रकाश लोधी, रचित गुप्ता, राम सिंह पाल, सुनीता गुप्ता, शहीद हुसैन आदि उपस्थित रहे। इस मौके पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर मधु गुप्ता द्वारा बताया गया कि संचारी रोग मुख्यताः साफ सफाई न रखने की वजह से होता है वो साफ सफाई चाहे अपने घर के अंदर हो या घर के बाहर की। इन बीमारियों का मुख्य कारण सफाई न रखना ही है इसलिए हमे अपने घर के अंदर गमले, गुलदस्ते, कूलर एवं फ्रिज के नीचे की प्लेट की साफ सफाई समय समय पर करते रहना चाहिए, क्योंकि अधिकतर मच्छर यही पर पनपते है। यही नही हमे अपने घर के बाहर आस पास नालियों की भी साफ सफाई करते रहना चाहिए ताकि हम इन बीमारियों से बचे रहे। उन्होंने बताया कि जब भी हमे बुखार आता है तो हमे तुरंत अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर निःशुल्क चिकित्सकीय परामर्श लेकर उचित जांच करवानी चाहिए एवं दवाएं लेनी चाहिए साथ ही हमें हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि रात को सोते समय मच्छरदानी अवश्य लगायें और पूरी वाह के कपड़े पहने।

# हाफिजपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे युवक को नाजायज चाकू सहित किया गिरफ्तार

हापुड़/एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के दिशा निर्देशन में अपराधिक घटनाओं पर विराम लगाने को लेकर हापुड़ पुलिस के द्वारा अपराधियों पर लगातार की जा रही कमर तोड़ कार्यवाही के चलते हाफिजपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान अपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे।

युवक हसीन पुत्र यासीन निवासी स्विमिंग पुल वाली गली ईदगाह रोड थाना हापुड़ नगर को नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार कर विधिक वैधानिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय में किया पेश।

# बारिश का कहर: फरीदपुर में कच्चा मकान ढहा, मलबे में दबकर किशोर की मौत

वेलकम इंडिया/चरण सिंह



**बरेली।** मंगलवार को बरेली के फरीदपुर इलाके में बारिश कहर बनकर एक परिवार पर टूट पड़ी। इस हादसे में एक कच्चा मकान अचानक ढह गया। जिसमें 15 वर्षीय मोहित की मलबे में दबकर मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका आठ साल का भांजा रवि गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद पूरे गांव में मातम छा गया। फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव अहीर गौंटिया निवासी देवेंद्र का कच्चा मकान पहले से ही जर्जर हालत में था। मंगलवार सुबह करीब चार बजे तेज बारिश के बीच अचानक मकान की दीवार और छत भरभराकर गिर गई। हादसे के वक्त मोहित अपने भांजे रवि के साथ एक कमरे में सो रहा था। दोनों मलबे में दब गए। घरवालों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और मलबा हटाने में जुट गए। स्थानीय लोगों ने जब तक मलबा हटाया, तब तक मोहित की सांसें थम चुकी थीं। वहीं, रवि गंभीर रूप से घायल मिला। परिजन आनन-फानन में रवि को इलाज के लिए बरेली के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। सूचना मिलते ही फरीदपुर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। एसपी साउथ अंशिका वर्मा ने बताया कि मकान की हालत पहले से ही खराब थी और बारिश के चलते ये हादसा हो गया। पुलिस और प्रशासन की ओर से पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद दी जाएगी। घायल रवि के इलाज की व्यवस्था कराई जा रही है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की है। गांव में शोक का माहौल है और लोग परिवार के साथ संवेदना व्यक्त कर रहे हैं।

# प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल एवं सांसद लोकसभा क्षेत्र अमरोहा कुंवर सिंह तंवर की अध्यक्षता में जिला योजना की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा

हापुड़ जनपद जिला योजना की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार मे प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल एवं सांसद लोकसभा क्षेत्र अमरोहा कुंवर सिंह तंवर की अध्यक्षता मे आयोजित की गयी। सर्वप्रथम गत बैठक की अनुपालन आख्या से मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम के द्वारा प्रभारी मंत्री को अवगत कराया। जिला योजना की बैठक के दौरान दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, राष्ट्रीय समाजिक सहायता कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रमीण पेयजल कार्यक्रम, प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजना, दीन दयाल उपाध्याय विद्युत योजना, मृदा स्वस्थ कार्ड, अमृत योजना तथा अन्य योजनाओ की समीक्षा पर मंत्री जी ने सभी अधिकारियो से योजनाओं को निर्धारित अवधि मे पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा की जिन योजनाओ को शासन से स्वीकृति प्राप्त है उसके लोकार्पण और शिलान्यास करने से पूर्व जनपद के प्रतिनिधियों को जानकारी अवश्य दी जाए। सांसद लोकसभा क्षेत्र अमरोहा के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने मकानों में पात्र लाभार्थियों को लाभ दिलाने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। प्रभारी मंत्री ने कहा की जिनकी पेंशन शासन स्तर पर लम्बित है उनके लिये जिला समाज कल्याण अधिकारी व्यक्तिगत प्रयास कर ले। उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष जो भी आवेदन प्राप्त हो रहे हैं उनकी जल्द से जल्द तिथि निर्धारित करके विवाह कार्य संपन्न कराया जाए उन्होंने स्पष्ट कहा कि अधिक से अधिक आवेदनों के चक्कर में पूर्व में प्राप्त हुए आवेदनों के कार्य में विलंब नहीं किया जाए। समाज कल्याण विभाग में सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत जो भी आवेदन प्राप्त हो रहे हैं उनमें निरंतर करवाई सुचारू रहनी चाहिए। राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान पूर्ण योजनाओं की सूची उपलब्ध कराने, कार्यो मे तेजी लाने एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिये।

प्रभारी ने सभी अधिकारी से अपने अपने विभाग के तहत कराये जा रहे कार्यो की जानकारी सम्बंधी विधायक को देने को कहा। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी शासन द्वारा संचालित योजनाओं में पात्र लाभार्थी को लाभ अवश्य प्राप्त हो कोई भी लाभार्थी लाभ से वंचित ना हो इसका विशेष ध्यान रखें।जिला योजना की बैठक में जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय ने कहा कि सभी अधिकारीगण अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं को प्रभारी मंत्री के द्वारा प्राप्त निर्देशन में काम करें तथा उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतरे। बैठक के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर विधायक सदर विजयपाल, विधायक हरेंद्र सिंह तेवतिया, विधायक धौलाना धर्मेश सिंह, समस्त उप जिलाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण, तथा अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# ज्योति मेडिकल स्टोर का शुभारंभ

वेलकम इंडिया




**बुलंदशहर** की स्याना विधानसभा के स्याना अमरपुर रोड पर गांव थौना में *ज्योति *मेडिकल स्टोर का शुभारंभ मुख्य अतिथि इंजीनियर दयाराम सिंह लोधी राष्ट्रीय सेना संगठन के संस्थापक द्वारा किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि जी ने बताया कि गांव में बड़ी अनहोनी का कारण समय पर दवाइयां ना मिलना और मेडिकल न होने के कारण गांव की जनता काफी परेशान रहती थी जिसमें ग्रामीणों को दवाइयां 20 से 30 किलोमीटर दूर शहर से लेकर आनी पड़ती थी जिसके कारण बहुत से मरीजों को तो जान की बाजी भी लगानी पड़ जाती थी और समय पर दवाई भी नहीं ले पाते थे इसलिए इस समस्या को समझते हुए पोटा कबूलपुर के रहने वाले श्री ओमपाल कुमार जी ने मेडिकल करके सभी ग्राम वासियों की चिंता को काम किया और सभी प्रकार की दवाइयां ग्रामीणों को उचित रेट पर देने का निश्चय किया है इस मौके पर उपस्थित रहे विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर त्रिभुवन सिंह बीएचएमएस जनरल फिजिशियन प्रयागराज दिनेश कुमार लोधी डीलर साहब ग्राम कमालपुर डॉ विनय डॉक्टर चंद्रपाल सिंह डॉक्टर योगेंद्र सिंह डॉ कपिल कुमार सुरेश पंडित जी देवराज जी ओपिंदर जी प्रीतम ठेकेदार तरुण पाल जी अशोक कुमार जी और दर्जनों डॉक्टर स्टाफ व सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

# मोहर्रम जुलूस के दौरान ड्रोन कैमरे से की पुलिस ने की निगरानी



वेलकम इंडिया

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** मोहर्रम के त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने को लेकर पुलिस अलर्ट मोड पर है। पुलिस ने गंगेरू में फ्लैग मार्च करते हुए ड्रोन कैमरे से निगरानी की। इस दौरान भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

देश भर में 6 जुलाई को मोहर्रम का पर्व मनाया जाएगा। मोहर्रम के पर्व को लेकर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने पुलिस प्रशासन को सख्त दिशा निर्देश दे रखे हैं। सीएम के आदेश के बाद पुलिस प्रशासन मोहर्रम के जुलूस को सकुशल संपन्न कराने के लिए पूर्ण रूप से तैयारी कर रखी हैं। मंगलवार को क्षेत्र के गांव गंगेरू में मोहर्रम की पांच तारीख को जुलूस के दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार, अपराध निरक्षक संजय राणा व एस एस आई सुभाष सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार के द्वारा गांव में ड्रोन कैमरे से निगरानी करते हुए फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च के दौरान उन्होंने लोगों को सुरक्षा का एहसास कराते हुए असामाजिक तत्वों को कड़ी से कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। जिस मौके पर शिया सोगवारो के साथ भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

## हिसार में 54 एकड़ भूमि पर बेचे जा रहे प्लॉट गैरकानूनी : जिला नगर योजनाकार दिनेश कुमार

वेलकम इंडिया



**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा)** : जिला नगर योजनाकार दिनेश कुमार द्वारा आमजन को सतर्क करते हुए सूचित किया गया है कि तोशाम रोड पर आभा अस्पताल के सामने राजस्व संपदा डाबड़ा की लगभग 54 एकड़ भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से कॉलोनी काटी जा रही है तथा प्लॉट बेचे जा रहे हैं। इस भूमि पर तैयार किए गए ले-आउट प्लान को रेरा अप्रूव्ड बताकर लोगों को भ्रमित किया जा रहा है, जबकि वास्तविकता में यह कॉलोनी पूरी तरह से अवैध है। यह जानकारी देते हुए जिला नगर योजनाकार दिनेश कुमार ने बताया कि उक्त भूमि पर विकसित की जा रही कॉलोनी को न तो नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग, हरियाणा, चंडीगढ़ से लाइसेंस प्राप्त है और न ही इसे शहरी क्षेत्र अधिनियम 1975 के अंतर्गत स्वीकृति प्राप्त है। उन्होंने बताया कि विभाग अवैध कॉलोनियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रहा है और भविष्य में भी यह अभियान पूरी सख्ती के साथ जारी रहेगा। साथ ही, आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे ऐसी अनधिकृत कॉलोनियों में कोई प्लॉट न खरीदें और न ही किसी प्रकार का निर्माण कार्य करें।

# भाकियू अराजनैतिक ने किसानों की समस्या को लेकर तहसील स्याना में मासिक पंचायत का किया गया आयोजन

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर** . भाकियू अराजनैतिक ने अपनी मासिक पंचायत स्याना तहसील प्रांगण में आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता भगवाना सिंह लोधी ने की तथा संचालन हीरालाल शर्मा ने किया पंचायत में विद्युत समस्या को लेकर रोष व्याप्त रहा किसान नेता चौधरी मांगेराम त्यागी ने कहा के क्षेत्र में किसानों को केवल 7 घंटे विद्युत सप्लाई दी जा रही है और वह भी दो शिफ्टों में दी जा रही है जिससे किसानों के सामने सिंचाई की समस्या खड़ी हो गई है तथा स्याना तहसील में अवैध खनन जोरों पर रात भर ट्रैक्टर ट्राली, ट्रक ,डंपर ,चल रहे हैं अगर प्रशासन इस पर रोकथाम नहीं करता है तो भाकियू अराजनैतिक स्वयं खनन माफिया को रोकेगी जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। युवा जिला अध्यक्ष ठाकुर शैलेंद्र आर्य ने कहा कि तहसील स्याना मैं भ्रष्टाचार चरम पर किसान नेता ने कहा कि जिन अधिकारियों से न्याय की उम्मीद थी उनकी अदालत में गरीब किसानों से अवैध वसूली उपजिलाअधिकारी की नाक के नीचे तहसील कर्मियों द्वारा किसानों से अवैध वसूली की जा रही है इसको तत्काल रोका जाए वरना होगा बड़ा आंदोलन।

## जर्जर विद्युत लाइन बदलवाने की मांग, कई लोगों ने भेजा शिकायती पत्र



वेलकम इंडिया

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम के मोहल्ला हरिनगर निवासी कई लोगों ने विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों को पत्र भेजकर मोहल्ले की एचटी लाइन बदलवाने की मांग की है निस्तारण नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। मंगलवार को नगर पंचायत एलम के मोहल्ला हरिनगर निवासी हरेंद्र पवार, संजय पवार, प्रदीप, नितिन पवार,मोहित पवार,रॉबिन पवार, निशांत, निशु, अंकित पवार सहित आदि लोगों ने विद्युत विभाग के खंड द्वितीय शामली को एक शिकायती पत्र भेज कर बताया कि उनके मोहल्ले में विद्युत विभाग के द्वारा 11 केवी की विद्युत लाइन सप्लाई करने के लिए खींच रखी है। आरोप है कि विद्युत लाइन जर्जर हालत में हो गई है। विद्युत लाइन में विभाग के द्वारा गन्ना ,पत्थर, चप्पल आदि का प्रयोग करके केबल से जबरदस्ती सप्लाई दिलवाई जा रही है। जिस कारण समय-समय पर विद्युत आपूर्ति कटौती होती है जिससे कई बार मोहल्ले के लोगों के विद्युत उपकरण भी फूंक जाते हैं। शिकायत के बावजूद भी विद्युत कर्मचारी जर्जर लाइन को नहीं बदल रहे हैं। रात के समय विद्युत लाइन से डरावनी आवाज आती है मोहल्ले के लोगों को डर है कि जर्जर विद्युत लाइन से बड़ी दुर्घटना ना हो जाए।

# चाकू की नोक पर दुष्कर्म अश्लील वीडियो वायरल पुलिस ने आरोपी को भेजा जेल

वेलकम इंडिया



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** कस्बा निवासी एक महिला ने पड़ोसी युवक पर घर में घुसकर चाकू की नोक पर दुष्कर्म करते हुए अश्लील वीडियो बनाकर वायरल कर दी पुलिस ने पीड़ित विवाहिता महिला की तहरीर पर आरोपी युवक को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है। कस्बे के गंगेरू मार्ग निवासी महिला ने डीआईजी सहारनपुर को तहरीर देकर बताया था कि पीड़िता का पति बाहर किराए पर ट्रैक्टर चला कर मजदूरी करता है। पीड़िता के पड़ोस का युवक तालिब पुत्र अनीस उसके पति का दोस्त है। आरोप है कि गत 20 अप्रैल 2024 को उसका पति काम के सिलसिले में बाहर गया हुआ था और घर पर वह अपने बच्चों के साथ अकेली थी आरोप है की रात्रि के समय उसका 5 वर्षीय पुत्र समद बीमार हो गया पीड़िता ने जब अपने पति के दोस्त तालिब से आर्थिक मदद की गुहार लगाई तो उसने अपने घर पर बुला लिया। और उसके बच्चे के गले पर चाकू रखकर पीड़िता के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया और उसकी अश्लील वीडियो बना ली। पीड़िता ने जब विरोध किया तो आरोपी ने उसके पुत्र को जान से मारने की धमकी देकर वीडियो वायरल करने की धमकी दी। पीड़ित महिला का आरोप है कि आरोपी लगातार वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। पीड़िता ने मामले की सूचना थाना पुलिस एवं डाक रजिस्ट्री के द्वारा पुलिस अधीक्षक शामली को भेजी थी। मगर पीड़िता की तहरीर पर कोई भी कार्रवाई नहीं हुई और आरोपी युवक ने पीड़िता की वीडियो वायरल कर दी वीडियो वायरल होने से पीड़िता को समाज में बदनामगी झेलनी पड़ी। पीड़ित महिला ने आरोपी युवक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की।

# गर्मी की छुट्टियों के बाद स्कूल पहुंचे बच्चों का फूलों से हुआ स्वागत

वेलकम इंडिया



**टाण्डा जिला रामपुर।** गर्मी की छुट्टियों के बाद मंगलवार को स्कूल पहुंचे बच्चों का उत्साहपूर्ण स्वागत हुआ। विभिन्न विद्यालयों में शिक्षकों ने फूल बरसाकर बच्चों का अभिनंदन किया और छुट्टियों के अनुभवों पर चर्चा कर उन्हें सहज किया। स्कूल चलो अभियान के तहत रैलियां निकाली गईं, जिसमें अभिभावकों को बच्चों का दाखिला कराने के लिए प्रेरित किया गया।

प्राथमिक विद्यालय हजरत नगर में प्रधानाध्यापक सईदुज्जफर रहमानी, उच्च प्राथमिक विद्यालय वार्ड नंबर 7 टांडा में सईद सागर, उच्च प्राथमिक विद्यालय सईद नगर में गौहर अली, उच्च प्राथमिक विद्यालय गूजरावाला में सादिक अली, उच्च प्राथमिक विद्यालय जालपुर में रविन्द्र सिंह और प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक मंत्री मोहम्मद तनवीर, तथा संविलियन प्राथमिक विद्यालय बादली में अब्दुल रऊफ एडवोकेट और जसवंत सिंह के नेतृत्व में शिक्षकों ने बच्चों पर फूल बरसाकर उनका स्वागत किया। हालांकि, कुछ विद्यालयों में सरप्लस शिक्षकों और प्रधानाध्यापकों के ऑनलाइन आवेदन के आधार पर स्वैच्छिक स्थानांतरण हुए, लेकिन बीएसए द्वारा आदेश जारी न होने से उनकी कार्यमुक्ति नहीं हो सकी। शिक्षकों के स्थानांतरण की खबर से बच्चों,साथी शिक्षकों और सहकर्मियों में उदासी छाई रही, जिन्होंने उनकी यादें ताजा कर अफसोस जताया।

## मुमताज आलम के आवास पर धूम धाम से मनाया अखिलेश यादव का जन्म दिन



वेलकम इंडिया

**मेरठ।** नगर पंचायत शाहजहांपुर में सपा नेता मुमताज आलम के आवास पर सपा कार्यकर्ताओ ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का 52 वा जन्मदिवस धूम धाम से मनाया। मुमताज आलम ने अपने हाथों से केक काटकर उपस्थित लोगों को खिलाया। इसके बाद बधाई संदेशों और शुभकामनाओं की बौछार हुई। इस मौके पर मुमताज आलम ने कहा कि अखिलेश यादव न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि देश के युवाओं की प्रेरणा है। अखिलेश यादव ने अपने कार्यकाल में किसानों, नौजवानों, महिलाओं और व्यापारियों के लिए योजनाएं लागू की वह आज भी लोगों की जुबान पर हैं। मुमताज आलम ने की लंबी उम्र की कामना की। इस मौके पर मुमताज आलम ने कहा की आज प्रदेश की जनता सपा सरकार के कार्यों को याद कर रही है, और आज प्रत्येक कार्यकर्ता को दिन रात मेहनत कर 2027 में सपा सरकार बनाकर ही अखिलेश यादव को पुनः मुख्यमंत्री बनाना ही असल तोहफा होगा इस मौके पर सपा यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव मुमताज आलम, पूर्व प्रधान यूसुफ खान, किसान नेता जावेद खान, सोनू खान, समर खान, दानिश खान, आबिद खान, जावेद रंगरेज, अरसलान आदि लोग मौजूद रहे।

## इनर व्हील कर्तव्य की अध्यक्षता में डॉक्टर डे एवं सी ए डे पर सम्मान किया गया



वेलकम इंडिया

**झांसी!** इनर व्हील कर्तव्य की अध्यक्ष दीपा जैन के नेतृत्व में डॉक्टर डे एवं सी ए डे पर सम्मान किया गया । डॉ मयंक बंसल, डॉ प्रतिभा बंसल, डॉ प्रवीण बनोरिया जी को डॉक्टर्स डे पर सम्मान किया गया एंव सीए डे पर सी ए गौरव गुप्ता एवं सी ए मनीष अग्रवाल को सम्मानित किया गया। इस मौके पर चाटर प्रसीडेंट शालिनी गुरबख्शनि ममता यादव शशि जैन सारिका मल्होत्रा मनीषा नरवरिया स्वाति सुधाकर मोनिका मित्तल प्रियंका शिखा सभी सदस्य उपस्थित रहे अंत में सचिव सी एस दमनजीत कौर ने सबका आभार व्यक्त किया।

# समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया

वेलकम इंडिया

**झाँसी** करारी स्तिथ समाजवादी पार्टी कार्यालय स्थल पर राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन राहुल यादव बबीना के नेतृत्व में धूमधाम से मनाया गया.जन्मदिन के मोके पर सर्वप्रथम सभी लोगो ने केक काटा उसके उपरांत कार्यालय स्थल पर बृक्षारोपण किया. जन्मदिन के मौके पर भंडारे का आयोजन भी किया गया. राहुल यादव बबीना ने अखिलेश यादव के जन्मदिन के मौके पर कहा कि अखिलेश यादव न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि देश के युवाओं की प्रेरणा हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल में किसानों, नौजवानों, महिलाओं और व्यापारियों के लिए जो योजनाएं लागू कीं, वे आज भी लोगों की जुबान पर हैं। उनके कुशल नेतृत्व में प्रदेश ने विकास की नई ऊंचाइयां छुई हैं। उन्होंने आगे कहा कि 2027 में पीडीए सरकार बनाने के लिए हर कार्यकर्ता को अभी से जुट जाना चाहिए। वही पूर्व छात्रसभा जिलाध्यक्ष जगमोहन यादव सेमरी ने अखिलेश यादव की राजनीतिक सूझबूझ और जनहित में किए गए कार्यों की सराहना की। इस दौरान फरेंदा नगर और आसपास के गांवों से आए लोगों की भारी भीड़ मौजूद रही।



## सरना टायर हब स्टोर का हुआ उद्घघाटन

**झाँसी।** कचहरी चौराहा के समीप सरना टायर हब स्टोर का उद्घघाटन हुआ. स्टोर का उद्घघाटन मुख्य अतिथि नगर विधायक रवि शर्मा ने फीता काटकर किया. स्टोर संचालक प्रवजोत सिंह ने बताया की टायर निमार्ता के नए आउटलेट में प्रीमियम कार, एसयूवी और वैन टायरों की एक विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध है. रिटेल शोरूम, जनपद की सम्पूर्ण टायर रेंज और सेवा समाधानों के लिए वन–स्टॉप शॉप होगी। स्टोर स्वचालित टायर बदलने, पहिया संतुलन, 3 डी पहिया संरेखण, नाइट्रोजन मुद्रास्फीति, बैटरी समर्थन के साथ–साथ अन्य टायर विशिष्ट सेवाएं भी प्रदान करता है।

# विद्यालय में आने वाले बच्चों का फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** ग्रीष्मावकाश 20 मई से 30 जून 2025 की अवधि पश्चात मंगलवार को विकास खण्ड भोजपुर तथा मोदीनगर नगर क्षेत्र के समस्त विद्यालयों में पठन-पाठन हेतु विद्यालय खुले। शासन के निदेर्शानुसार आज समस्त विद्यालयों में साफ-सफाई करके विद्यालयों को गुब्बारे,झण्डियों,रंगौली आदि से सजाकर विद्यालय में आने वाले बच्चों का स्वागत फूलों की माला पहनाकर, चन्दन का तिलक लगाकर एवं मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया गया।जिससे बच्चे बहुत ही उत्साहित एवं प्रसन्नचित हुए।समस्त परिषदीय , सहायता प्राप्त विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन अन्तर्गत आज बच्चों को मीठा रूचिकर व्यंजन यथा-हलवा, खीर आदि परोसा गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी भोजपुर सुश्री महिमा द्वारा स्वंय कम्पोजिट विद्यालय बेगमाबाद में बच्चों का स्वागत किया तथा टीका लगाकर मिष्ठान खिलाया। खण्ड शिक्षा अधिकारी भोजपुर सुश्री महिमा ने समस्त अध्यापकों को निर्देशित किया कि 01.07.2025 से 15.07.2025 तक घर-घर जाकर 06 से 14 आयु वर्ग के बच्चों का विद्यालय नामांकन सम्बन्धी सर्वे करने आदि हेतु स्कूल चलो अभियान आरम्भ हो रहा है।समस्त अध्यापक , शिक्षामित्र एवं अनुदेशक क्षेत्र में जाकर सर्वे कर जो बच्चे 06 से 14 आयु वर्ग के है और वो बच्चे विद्यालय नहीं जा रहे है तो उनका नजदीक के विद्यालय में नामांकन कराना है।बच्चों के स्वागत कार्यक्रम में पवन कुमार तिवारी, मधुबाला, शशिबाला यादव, अर्चना त्यागी, रेखा गुप्ता, गीता शर्मा आदि का सहयोग सराहनीय रहा।



# फैक्टरी में मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**मोदीनगर।** नगर की सिखैड़ा रोड औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक गत्ता फैक्टरी में मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मजदूर का शव फैक्टरी की छत पर पड़ा मिला। आशंका जताई जा रही है कि हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर मौत हुई है। परिजनों ने मोदीनगर थाने में इस संबंध में तहरीर दी है।

नगर की कृष्णानगर कॉलोनी निवासी नंदकिशोर का 22 वर्षीय पुत्र सोनू कुमार सिखैड़ा रोड औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक गत्ता फैक्टरी में काम करता था। फैक्टरी के पास से ग्यारह हजार का हाईटेंशन लाइन निकल रही है। परिजनों ने बताया कि मंगलवार सुबह साढे. आठे बजे सोनू डयूटी पर घर से निकला था।प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि डयूटी पर फैक्टरी में आते ही सोनू छत पर चला गया था।जब वह काफी देर तक वापस नहीं आया तो फैक्टरी की छत पर अन्य मजदूर देखने के लिए गए।उन्होने वहां पर देखा कि सोनू छत पर पड़ा हुआ है।

# सोनभद्र में दिनेश कुमार गोयल सभापति ने परियोजनाओं का स्थल निरीक्षण किया




वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद ( अनिल वशिष्ठ)।** सोनभद्र कलेक्ट्रेट में श्री दिनेश कुमार गोयल, सभापति प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था संबंधी जांच समिति भ्रमण के दौरान सर्किट हाउस में गार्ड ऑफ ऑनर के पश्चात समिति के सदस्यों के साथ एवं मिलकर सोनभद्र में ओबरा तापीय परियोजना भारत वर्ष की प्रथम 200 मेगावाट ईकाई का निरीक्षण किया गया व ओबरा तापीय परियोजना के अधिकारियों ने इस सम्बन्ध में जानकारी दी।इसके साथ ही सोनभद्र में विश्व का अजूबा एवं हिन्दुस्तान का अमूल्य धरोहर फासिल्स का भी भ्रमण किया गया। इस मीटिग के दौरान सभापति दिनेश कुमार गोयल के साथ विजय बहादुर पाठक, डॉ रतन पाल सिंह, जितेन्द्र सिंह सेंगर सदस्यगण विधान परिषद व जिलाधिकारी, चीफ विद्युत विभाग व विद्युत विभाग से सम्बन्धित सभी उच्चाधिकारी मौजूद रहें।

# सोनेलाल पटेल की जयंती कों लेकर की बैठक का अयोजन



(संतोष कुमार सिंह)

**वाराणसी :-** सोनेलाल पटेल की जयंती की पूर्व संध्या पर मंगलवार की शाम अपना दल यस पार्टी के वरिष्ठ नेता अभिमन्यु सिंह के भूल्लनपुर मढ़ाव रोहनिया स्थित उनके आवास पर रोहनिया विधायक सुनील पटेल ने की बैठके बैठक के दौरान वरिष्ठ नेता अभिमन्यु सिंह ने अपने समर्थकों सँग रोहनिया विधायक सुनील पटेल कों माल्यार्पण कर सम्मानित किया जिसके बाद सभी कार्यकत्ताओं के द्वारा आये हुए अतिथियों का सम्मान किया गया ` विधायक सुनील पटेल ने कार्यकत्ताओं कों कहा की इस वर्ष 2 जुलाई कों लखनऊ में सोनेलाल पटेल की जयंती मनाई जाएगी जिसमे काफी संख्या में वाराणसी से बुधवार कों पार्टी के कार्यकर्त्तागण एवं काशी के निवासीगण लखनऊ के लिए ट्रेन से रवाना होंगे वरिष्ठ नेता अभिमन्यु सिंह ने कहा की रोहनिया विधायक सुनील पटेल के नेतृत्व में 2 जुलाई बुधवार कों वाराणसी से लखनऊ के लिए काफी संख्या में लोग ट्रेन से रवाना होंगे कुल पांच बोगी बुक हुआ है जिसमे सभी लोग सफर कर सकेंगे साथ ही भूल्लनपुर मढ़ाव से भी लगभग 40 की संख्या में लोग सोनेलाल पटेल की जयंती समारोह में सम्मिलित होने जा रहे है इससे कार्यकत्ताओं में काफी खुशियाँ देखने कों मिला है। बैठक में मुख्य रूप से डॉ सुनील पटेल विधायक रोहनिया,डॉ नरेंद्र पटेल क्षेत्रिय अध्यक्ष,मानस सिंह जिलाध्यक्ष युवा मंच,विनोद पटेल जिला उपाध्यक्ष, श्याम्बली पटेल जिला महासचिव,अभिमन्यु सिंह वरीष्ठ नेता,प्रमोद,यसवंत सिंह,संतोष वर्मा,शुभम केशरी,सुनील बिन्द,अमित मिश्रा,आशुतोष सिंह सहित इत्यादि सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे

# स्कूलों के विलय के विरोध में शिक्षकों ने की आवाज बुलंद

वेलकम इंडिया

**टाण्डा जिला रामपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर शिक्षकों ने दढ़ियाल बीआरसी पर ग्राम प्रधान,एसएमसी अध्यक्ष एवं सदस्यों के साथ बैठक कर 50 या उससे कम बच्चों वाले स्कूलों को दूसरे स्कूलों में मर्ज किए जाने के सरकार के फैसले पर कड़ा एतराज जताया ।सभी ने एक स्वर में कहा कि इससे बच्चों की बुनियादी शिक्षा प्रभावित होगी।

सोमवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र पर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष इंद्रेश कुमार ने कहा कि स्कूलों को मर्ज करने से गरीब और बेसहारा बच्चों को स्कूल जाने में दिक्कत होगी। उन्हें 2 से 3 किलोमीटर पैदल चलना पड़ेगा, जो शिक्षा के अधिकार अधिनियम के खिलाफ है। इस कानून में हर एक किलोमीटर पर प्राथमिक स्कूल होने की बात कही गई है।उन्होंने कहा कि यह फैसला शिक्षकों की तरक्की को भी रोक देगा और यह शिक्षकों के रोजगार के लिए नुकसानदायक है। पिछले साल शिक्षकों ने मेहनत करके स्कूलों को निपुण बनाया, लेकिन अब उन्हें मर्ज करने से शिक्षकों का हौसला टूटेगा।बैठक में सईद रहमानी, गुरप्रीत सिंह और सईद सागर ने भी इस मुद्दे पर अपनी बात रखते हुए कहा कि सरकार के स्कूल मर्ज करने के फैसले से बच्चों का भविष्य खतरे में पड़ सकता है।यह फैसला अव्यवहारिक और गलत है। सरकार को बच्चों के हितों को ध्यान में रखते हुए इस आदेश को तुरंत वापस लेना चाहिए ।बैठक का संचालन संघ के ब्लॉक मंत्री मोहम्मद तनवीर ने किया। बैठक में राकेश वर्मा, रोहताश सिंह, जाहिद हुसैन, असद रहमानी, रवि कुमार, रेनू चौहान, गीता, रश्मि चौहान, आदर्श कुमार, जुनैद रहमानी, सिद्दीक अकबर और विमल कुमार जैसे कई लोग मौजूद रहे।



# रोटरी क्लब ऑफ झाँसी रानी को गोल्ड श्रेणी सहित कई पुरस्कारों से नवाजा गया



वेलकम इंडिया

**झांसी!** मथुरा में आयोजित जोनल रोटरी अवॉर्ड सेरेमनी में रोटरी क्लब ऑफ झाँसी रानी ने अपनी उल्लेखनीय सेवाओं के लिए कई श्रेणियों में पुरस्कार प्राप्त किए। क्लब को ₹गोल्डर₹ श्रेणी में आरोग्यम प्रोजेक्ट के लिए तथा पर्यावरण और समुदाय विकास के क्षेत्र में क्लब अवाड्र्स प्राप्त हुए। इसके साथ ही, क्लब के अध्यक्ष डॉ. मयंक बंसल को गवर्नर नीरव निमेष जी के द्वारा भूषण सम्मान से सम्मानित किया गया, उन्होंने इसे पूरे क्लब के सदस्यों की मेहनत, समर्पण और टीम वर्क का परिणाम बताया। उन्होंने कहा, ₹यह सम्मान हम सभी झांसी रानी क्लब के सदस्यों की सामाजिक प्रतिबद्धता और सकारात्मक सोच की पहचान है।हम भविष्य में भी समाज सेवा के लिए इसी लगन से कार्य करते रहेंगे। ग्लोबल ग्रांट डेंटल प्रोजेक्ट के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया .. रोटरी जिला महिला सदस्य प्रोत्साहन समिति की चेयरमैन रोटेरियन सजनीता परवार को भी उनकी सक्रिय भूमिका के लिए ₹भूषण सम्मान₹ से सम्मानित किया गया।

# डीएपी खाद, बिजली संकट और टूटी सड़कों से परेशान किसान पहुँचे जिला मुख्यालय

**गाजियाबाद।** ग्रामीण अंचल में किसानों की बदहाल स्थिति को लेकर भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी गुट) ने मंगलवार को जिला मुख्यालय पर जोरदार ढंग से अपनी आवाज बुलंद की। यूनियन की बैठक जिला मुख्यालय परिसर में आयोजित की गई, जिसमें गहन विचार–विमर्श के बाद किसानों की समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे यूनियन के जिला संयोजक मनोज नागर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के किसान आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। सबसे बड़ी समस्या डीएपी खाद की है, जो किसानों को समय से और पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल रही है। इससे बोवाई का समय निकलता जा रहा है और किसान हताश हो रहे हैं। बिजली आपूर्ति को लेकर भी गहरी नाराजगी जताई गई। रघुनाथपुर विद्युत उपकेंद्र के इनायतपुर गांव सहित कई अन्य गांवों में बिजली की स्थिति दयनीय है। बार–बार तार टूटने से जान का खतरा बना रहता है और आए दिन आपूर्ति बाधित रहती है।

किसानों ने बताया कि इस समस्या के समाधान के लिए कई बार विद्युत विभाग को अवगत कराया गया, लेकिन कोई ठोस कदम अब तक नहीं उठाया गया। बैठक में इस बात पर भी चिंता जताई गई कि देहात की अधिकांश सड़कें बुरी तरह टूट चुकी हैं।

# सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्म दिवस कार्यकताओं ने धूमधाम से मनाया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया।इस अवसर पर वृक्षारोपण करने के साथ ही वृद्धाश्रम में मिठाई व फल वितरित किए गए।समाजवादी पार्टी के मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष देववृत धामा के नेतृत्व में पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर देवव्रत धामा ने वृद्धा आश्रम में केक काटकर, भोजन एवं मिठाई बांटी।इसके अलावा कमल इंटर कॉलेज एवं वृद्धाश्रम के प्रांगण में वृक्षारोपण किया। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रति अपनी निष्ठा प्रकट करते हुए उनके स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन की मंगल कामना की गई और साथ ही 2027 में अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प भी लिया गया ।कार्यक्रम में युवजन सभा के पूर्व प्रदेश सचिव अजय विधायक,प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज पाल, मंजीत नेहरा, सत्यम शाही, दीनू खान, पुनीत वर्मा, बादल, मास्टर जावेद त्योड़ी, शकील डीलर समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# समाजसेविका स्व. श्रीमती सोनिया गुप्ता की प्रथम पुण्यतिथि पर भंडारे का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** समाज सेविका स्व. श्रीमती सोनिया गुप्ता की प्रथम पुण्य तिथि पर आयोजित एक कार्यक्रम में नगर के गणमान्य लोगों ने उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।इस मौके पर परिवार द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया।जिसमें सैकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।इस मौके पर परिवार के सदस्य राजीव गुप्ता, शुभांकर गुप्ता, मयूरेश गुप्ता, काजल गुप्ता, सोनाक्षी गुप्ता, मुस्कान शर्मा, कन्हैया लाल अग्रवाल, हरेंद्र शर्मा, विनय गर्ग, राजू सिंहल, संजय गर्ग, प्रमोद गर्ग, रमेश गोयल, आदि लोग उपस्थित रहे।

# सुंदरदीप पॉलिटेक्निक में तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों को दी गई भावभीनी विदाई

**गाजियाबाद।** डासना स्थित सुंदरदीप ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के अंतर्गत संचालित सुरेश दीप पॉलिटेक्निक में मंगलवार को तृतीय वर्ष (फाइनल ईयर) के विद्यार्थियों के लिए एक भावनात्मक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम न केवल उनके शैक्षणिक सफर की पूर्णता का प्रतीक रहा, बल्कि उनके आत्मविश्वास, अनुशासन और करियर की दिशा में उठाए जाने वाले अगले कदमों के लिए प्रेरणा स्रोत भी बना। कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक तिलक समारोह और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद जूनियर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की रंगारंग श्रृंखला प्रस्तुत की, जिसमें नृत्य, गीत, अभिनय और भावनात्मक वक्तव्यों के माध्यम से वरिष्ठों के प्रति सम्मान और स्नेह प्रकट किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसंजीत कुमार ने विद्यार्थियों को कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और अनुशासन को जीवन में उतारने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि सफलता केवल डिग्री से नहीं, बल्कि संस्कारों और सतत प्रयासों से हासिल होती है। प्रो–वाइस चांसलर पीयूष श्रीवास्तव ने धैर्य और उद्योग जगत की आवश्यकताओं के अनुसार खुद को ढालने की आवश्यकता पर बल दिया। कुलसचिव डॉ. राजीव रतन ने विद्यार्थियों को जीवनभर सीखते रहने और कौशल विकास को जीवन मंत्र के रूप में अपनाने की सलाह दी।

# भाकियू के कार्यकर्ताओं ने नाले पर बनी पुलिया को तोड़ने का किया विरोध,ज्ञापन सोपा

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** गांव सीकरी खुर्द में नाले पर बनी पुलिया को तोड़ने गए नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों को भारी विरोध का सामना करना पड़ा। भाकियू इंडिया के कार्यकताओं ने पालिका कार्यालय पर प्रदर्शन कर जमकर हंगामा किया। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी को एक ज्ञापन भी दिया। भाकियू इंडिया के कार्यकर्ता एकत्र होकर मंगलवार को नगर पालिका परिषद पहुंचे और जमकर हंगामा किया। किसान नेता डॉ. बबली गुर्जर ने बताया कि गांव सीकरी खुर्द में एक भूमाफिया ने कई अवैध कॉलोनी काटकर खेत में जाने का रास्ता रोक दिया है।किसानों ने वहां से निकल रहे निजी कंपनी के नाले पर खेतों में आने जाने के लिए पुलिया का निर्माण कर लिया। पुलिया निर्माण की शिकायत भूमाफिया ने नगर पालिका व सिचाई विभाग में कर दी। किसानों का दावा है कि दोनों की जांच में मामला फर्जी पाया।किसानों ने निजी कंपनी की सहमति पर पुलिया का निर्माण किया है। भाकियू इंड़िया के कार्यकताओं ने अधिशासी अधिकारी के नाम एक ज्ञापन देते हुए चेतावनी दी है कि यदि फिर से किसानों को परेशानी किया तो बडे.स्तर पर आंदोलन



# गांव कलछीना में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** अमृत सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में गांव कलछीना में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन 2 जुलाई से 9 जुलाई तक किया जाएगा।यह जानकारी देते हुए ट्रस्ट के डॉक्टर अनिला आर्य ने बताया कि गोविन्दपुरी पौधशाला से वृक्षारोपण के आयोजन के लिये अरुण ढिलौर ग्राम पंचायत सदस्य के सहयोग से वन विभाग प्रभारी सचिन से विभिन्न प्रकार के लगभग एक हजार पेड़ लिए। डा अनिला आर्य ने बताया कि पौधारोपण कार्य 2 जुलाई से 9 जुलाई तक चलेगा। उन्होंने अनुरोध किया है कि प्रातः आठ से नो बजे तक, बाल्मीकि शमशान भूमि कलछीना में पौधारोपण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया हैं।

## निर्वाचन कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं:

# फार्म 6, 7, 8 की गहन जांच, समयबद्ध निस्तारण और गलत ईपीआईसी कार्ड पर पूरी तरह रोक लगाने के निर्देश

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा के नेतृत्व में गाजियाबाद जनपद में निर्वाचक नामावलियों से जुड़े विषयों पर मंगलवार को एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निदेशों के अनुपालन, बीएलओ की नियुक्तियों और वर्ष 2025 के निरंतर पुनरीक्षण के अंतर्गत लंबित आवेदनों की स्थिति की गहन समीक्षा की गई। नवदीप रिणवा के गाजियाबाद आगमन पर विकास भवन परिसर में जिलाधिकारी दीपक मीणा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया।

इसके पश्चात सुरक्षा बलों द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी को जनपद गाजियाबाद की निर्वाचन व्यवस्था, आंकड़े और वर्तमान स्थिति से अवगत कराया गया। बैठक के दौरान बताया गया कि जनपद में कुल तीन तहसीलें, पांच पूर्ण और एक आंशिक विधानसभा क्षेत्र तथा दो आंशिक लोकसभा क्षेत्र हैं। जनपद में कुल आठ सौ तिरेपन मतदान केंद्र और तीन हजार दो सौ चौबीस मतदेय स्थल हैं। पंजीकरण अधिकारियों की कुल संख्या पाँच है जबकि सहायक पंजीकरण अधिकारियों की संख्या छब्बीस है। तीन हजार दो सौ चौबीस बीएलओ तथा तीन सौ तीस बीएलओ पर्यवेक्षक कार्यरत हैं। जनपद की अनुमानित जनसंख्या वर्ष 2025 तक छियालिस लाख बानवे हजार सात सौ पच्चीस है, जिसमें कुल मतदाताओं की संख्या इनमें पुरुष मतदाता पंद्रह लाख इकसठ हजार दो सौ इक्कीस, महिला मतदाता बारह लाख सड़सठ हजार एक सौ छियासी और अन्य मतदाता एक सौ अठासी हैं। इसके अतिरिक्त सेवामान मतदाता तीन हजार तीन सौ नब्बे, दिव्यांग मतदाता सोलह हजार चार सौ अस्सी, अठारह से उन्नीस वर्ष की आयु वर्ग के मतदाता छब्बीस हजार छह सौ इकतीस तथा पचासी वर्ष से अधिक आयु के मतदाता ग्यारह हजार नौ सौ बाईस हैं। जनसंख्या के अनुसार गाजियाबाद का लिंग अनुपात आठ सौ अठहत्तर है, जबकि मतदाताओं के आधार पर यह अनुपात आठ सौ बारह है। निर्वाचक जनसंख्या अनुपात साठ दशमलव दो छह प्रतिशत है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि निर्वाचक नामावली से संबंधित प्राप्त आवेदनों की गहनता से जांच की जाए तथा उनमें किसी प्रकार की त्रुटि होने पर आवेदक से तत्काल संपर्क कर उन्हें ठीक कराया जाए।

उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में गलत मतदाता पहचान पत्र नहीं बनना चाहिए। फार्म छह, सात और आठ से संबंधित शिकायतों और आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण किया जाए। श्री रिणवा ने यह भी कहा कि राष्ट्रीय शिकायत निवारण सेवा पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का सत्यापन कर शिकायतकर्ता से संवाद करते हुए संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए।

# उर्वरकों की बिक्री में सख्ती: टैगिंग, निर्धारित दरों पर, बिना टैगिंग, गुणवत्ता के साथ मिले उर्वरक-कृषकों के हित में सख्त निगरानी



**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** जनपद में उर्वरकों की बिक्री, भंडारण और वितरण प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और कृषकों के हित में बनाए रखने के उद्देश्य से मंगलवार को जिला कृषि अधिकारी अमित कुमार की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के उर्वरक थोक विक्रेताओं और प्रदायकर्ता कंपनियों को शामिल करते हुए कई निर्देश जारी किए गए, जिनमें टैगिंग, कालाबाजारी, ओवर रेटिंग और स्टॉक भिन्नता पर रोक के लिए विशेष बल दिया गया। बैठक के दौरान जिला कृषि अधिकारी अमित कुमार ने कहा कि कोई भी उर्वरक विक्रेता किसी भी उर्वरक के साथ जिंक, सल्फर, माइक्रोन्यूट्रिएंट, नैनो जैसे अन्य उत्पादों की टैगिंग नहीं करेगा। यह प्रतिबंध कृषकों को अनावश्यक बोझ और ठगी से बचाने के लिए अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि उर्वरकों की बिक्री केवल निर्धारित दर पर, और उसमें फुटकर डीलर मार्जिन एवं परिवहन पल्लेदारी समाहित कर ही की जाए, जिससे कृषकों को कोई आर्थिक नुकसान न हो। बैठक में निर्देश दिया गया कि प्रत्येक कृषक को उसकी जोत / कृषिभूमि के आधार पर ही संस्तुत मात्रा में गुणवत्तायुक्त उर्वरक दिया जाए। किसी भी स्तर पर उर्वरकों की जमाखोरी या कालाबाजारी न होने पाए, इसके लिए लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही, यह भी अनिवार्य किया गया कि सभी फुटकर विक्रेता पीओएस मशीन के माध्यम से ही बिक्री करें।

# पुलिस ने 9 शातिर अपराधियों की खोली हिस्ट्रीशीट

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** शहर में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण की दिशा में गाजियाबाद कमिश्नरेट पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 9 शातिर अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोल दी है। ये सभी अपराधी लंबे समय से लूट, डकैती, चोरी, चाकूबाजी और गैंग गतिविधियों जैसे गंभीर अपराधों में शामिल रहे हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है, ताकि अपराधियों की गतिविधियों पर निरंतर निगरानी रखी जा सके। पुलिस आयुक्त जे. रविन्द्र गौड के निर्देश पर यह अभियान चलाया गया। डीसीपी सिटी धवल जायसवाल के नेतृत्व में इन शातिर अपराधियों की आपराधिक पृष्ठभूमि की जांच कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोली गई है। इन सभी के खिलाफ कई संगीन धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने बताया कि गाजियाबाद कमिश्नरेट अपराध नियंत्रण के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रहा है। अपराधियों की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने और क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए यह कदम उठाया गया है। हिस्ट्रीशीट खुलने के बाद इनकी हर हरकत पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। डीसीपी सिटी का कहना है कि अपराधियों की गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए यह जरूरी है कि उनका आपराधिक इतिहास दस्तावेजी रूप से दर्ज रहे। हिस्ट्रीशीट खुलने के बाद इनके ठिकानों, गतिविधियों और संपर्कों पर निगरानी रखी जाएगी। गाजियाबाद पुलिस का यह कदम क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और आमजन में सुरक्षा का विश्वास कायम करने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो सकता है। कमल पुत्र मोहन ताली (32 वर्ष) - थाना फूटा रोड नंदग्राम से 15 अभियोग दर्ज। राजू उर्फ पंडितवा (30 वर्ष) - थाना फूटा रोड नंदग्राम से 11 अभियोग दर्ज। अनिकेत बसंत (27 वर्ष) - थाना विजयनगर से 3 अभियोग दर्ज। अमन उर्फ पारस (24 वर्ष) - थाना विजयनगर से 5 अभियोग दर्ज। गुलजार सिरसढ़ी (35 वर्ष) - थाना विजयनगर से 6 अभियोग दर्ज। अमीर उर्फ अम्जद उर्फ गफ्फू (33 वर्ष) - थाना मसूरी, बायपास से 5 अभियोग दर्ज। दीपक उर्फ सलमान (28 वर्ष) - थाना मसूरी, बायपास से 4 अभियोग दर्ज। नासिर उर्फ अनीस (30 वर्ष) - थाना नंदग्राम से 2 अभियोग दर्ज। राहुल कुमार उर्फ रहमान (27 वर्ष) - थाना इंदिरापुरम, हिंडन गेट से 9 अभियोग दर्ज।

# विधान परिषद की समिति अंकुश समिति के सामने प्राधिकरण से जुडे प्रश्नों का प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने प्रस्तुत किया प्रगति रिपोर्ट

**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद**




उत्तर प्रदेश विधान परिषद की प्राधिकरणों, आवास विकास परिषद, जिला पंचायत, नगर निगमों में व्याप्त अनियमितताओं पर अंकुश लगाने और जांच किए जाने के लिए शासन की समिति के पदाधिकारियों के द्वारा गौतमबुद नगर और गाजियाबाद जिले के संबंधित अधिकारियों के साथ गौतमबुद्धनगर स्थित विश्वविद्यालय परिसर के सभागार कक्ष में बैठक की गई। समिति के सभापति माननीय श्री बृजेश कुमार सिंह 'प्रिन्सू' और समिति के दूसरे सदस्यों के समक्ष गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अतुल वत्स के द्वारा प्राधिकरण से जुडे प्रश्नों का उत्तर दिया गया। इस दौरान प्राधिकरण उपाध्यक्ष के द्वारा अवगत कराया गया कि प्राधिकरण से जुडे तमाम प्रकरणों का निस्तारण कर दिया गया है व उसकी रिपोर्ट माननीय समिति के समक्ष प्रस्तुत की गयी। प्राधिकरण के द्वारा किए जाने वाले कार्यों को विस्तार पूर्वक माननीय समिति पदाधिकारियों को अवगत कराया गया। इसके साथ साथ हाल में माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के गाजियाबाद आगमन पर विधिवत शुभारम्भ किए ₹पहल₹ पोर्टल की प्रगति से भी अवगत कराया गया।

- परिषद की प्राधिकरणों, आवास विकास परिषद, जिला पंचायत, नगर निगमों में व्याप्त अनियमितताओं पर अंकुश लगाने और जांच से जुडी समिति ने गाजियाबाद और गौतमबुद नगर जनपद के अधिकारियों के साथ की बैठक
- गौतमबुद नगर में हुई बैठक, समिति को प्राधिकरण के द्वारा संचालित व प्रस्तावित कार्यो से भी कराया अवगत

# बिजली बिल की देरी बना उपभोक्ताओं की जेब पर बोझ

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** विद्युत विभाग की लापरवाही उपभोक्ताओं पर भारी पड़ रही है। हर महीने हजारों उपभोक्ता तय समय के बाद बिजली बिल मिलने के कारण जुमार्ना भरने को मजबूर हैं। जून माह में ही 7132 उपभोक्ताओं को निर्धारित तिथि के बाद बिजली बिल मिले हैं, जिससे उन्हें एक प्रतिशत की दर से अतिरिक्त राशि अदा करनी पड़ी। बीते छह माह में जिले के लगभग 60 हजार उपभोक्ता इस तकनीकी और प्रशासनिक गड़बड़ी के शिकार हुए हैं। जिले में विद्युत निगम के कुल उपभोक्ताओं की संख्या लगभग 11 लाख है। विभाग की ओर से हर माह 7 से 22 तारीख के बीच बिजली बिल जारी किए जाते हैं।

लेकिन उपभोक्ताओं को यह बिल देरी से मिल रहे हैं, जिसके चलते उन्हें भुगतान की निर्धारित तिथि बीत जाने के बाद बिल जमा करना पड़ता है। परिणामस्वरूप उन्हें बिल की मूल राशि पर एक प्रतिशत अतिरिक्त धनराशि चुकानी पड़ रही है। उदाहरण के लिए यदि किसी उपभोक्ता का बिल 10,000 रुपये आया है, तो उसे 100 रुपये का अतिरिक्त जुमार्ना देना पड़ा। वसुंधरा सेक्टर-15 निवासी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि उन्हें 28 जून को बिजली बिल मिला जबकि उस पर भुगतान की अंतिम तिथि 23 जून अंकित थी। बिल 16 जून को तैयार किया गया था। इसी तरह न्याय खंड-दो निवासी विनीत कुमार को 25 जून को बिल प्राप्त हुआ जबकि अंतिम तिथि 19 जून थी। मधुबन बापूधाम निवासी विकास ने भी बताया कि उनके बिल पर 21 जून की तारीख थी, जबकि बिल उन्हें 24 जून को प्राप्त हुआ। इन सभी को निर्धारित तिथि से पहले बिल न मिलने के कारण जुमार्ना भरना पड़ा। जनवरी 2024 से पांच से नौ किलोवाट तक के उपभोक्ताओं के लिए बिलिंग प्रक्रिया में बदलाव किया गया है।

# छत पर मिला शव, परिजनों ने फैक्ट्री मालिक पर लगाए गंभीर आरोप

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** मोदीनगर क्षेत्र में मंगलवार की सुबह एक सनसनीखेज घटना सामने आई, जिसने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया। सिखेड़ा रोड स्थित एक गत्ता फैक्ट्री की छत पर वहां काम करने वाले युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से अफरा-तफरी मच गई। मृतक की पहचान 22 वर्षीय सोनू के रूप में हुई, जो मोदीनगर के कृष्णा नगर इलाके का रहने वाला था। मृतक सोनू रोज की तरह सोमवार को काम पर गया था, लेकिन मंगलवार की सुबह उसका शव फैक्ट्री की छत पर पड़ा मिला। जैसे ही यह खबर परिजनों और आसपास के लोगों को लगी, भारी संख्या में लोग फैक्ट्री पर जमा हो गए। शव को देखकर परिजन रो-रोकर बेहाल हो गए और फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ आक्रोश जताते हुए जमकर हंगामा किया।

# सनातनियों का डीएनए बदलने का काम करेगा श्रीकृष्ण योगधाम ट्रस्ट

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** देश की सनातन परंपरा और अखाड़ा संस्कृति को नई ऊर्जा देने के उद्देश्य से श्रीकृष्ण योगधाम ट्रस्ट एक बार फिर लेकर आ रहा है द्वितीय कुश्ती महाकुंभ, जो 6 और 7 सितंबर 2025 को शिवशक्ति धाम, डासना में आयोजित किया जाएगा। आयोजन को लेकर ट्रस्ट की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई, जिसमें आयोजन की रूपरेखा तय की गई और पुरस्कार की घोषणाएँ की गईं। ट्रस्ट के सचिव अनिल यादव (छोटे नरसिंहानंद) ने जानकारी दी कि इस महाकुंभ में भी पिछली बार की तरह दो प्रमुख टाइटल रखे गए हैं धर्म केसरी (सीनियर वर्ग) और धर्म कुमार (जूनियर वर्ग)। धर्म केसरी के विजेता को मिलेगा 1,00,000 नकद पुरस्कार, जबकि उपविजेता को ?51,000 की राशि दी जाएगी। धर्म कुमार टाइटल के लिए विजेता को 51,000 और उपविजेता को 21,000 नकद पुरस्कार मिलेगा।

# पुलिस के हत्थे चढ़े मादक पदार्थ तस्कर, 20 किलो 700 ग्राम अवैध गांजा बरामद

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस ने मंगलवार को नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक महिला सहित दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 20 किलो 700 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया है। यह गिरफ्तारी चिपियाना अंडरपास के पास गश्त व चेकिंग के दौरान की गई, जहां पुलिस को मुखबिर से गांजा तस्करी की पुख्ता सूचना मिली थी। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी पश्चिम बंगाल के कूच बिहार जिले के निवासी हैं। महिला आरोपी की पहचान रहीमा बीबी और पुरुष आरोपी की पहचान आहिदुल मियां के रूप में हुई है। पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि वे पश्चिम बंगाल से भारी मात्रा में गांजा लाकर गाजियाबाद और नोएडा क्षेत्र में छोटी-छोटी पुडियों में बेचकर मुनाफा कमाते हैं। गिरफ्तार महिला रहीमा बीबी के खिलाफ पहले से ही थाना जीआरपी गाजियाबाद और थाना सेक्टर-63 नोएडा में गांजा तस्करी के मामलों में मुकदमे दर्ज हैं। इस गिरफ्तारी के साथ रहीमा बीबी के खिलाफ कुल तीन मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर दोनों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजने की प्रक्रिया चल रही है। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य तस्करों और आपूर्ति श्रृंखला की जानकारी जुटा रही है। एसीपी मसूरी लिपि नगायच ने बताया कि गाजियाबाद पुलिस नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। यह गिरफ्तारी न केवल बड़े पैमाने पर हो रही तस्करी को उजागर करती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि महिला अपराधी भी अब ड्रग माफिया के नेटवर्क का हिस्सा बन रही हैं। आने वाले दिनों में ऐसे तस्करों पर और सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह कार्यवाही सक्रिय नशे के नेटवर्क की कमर तोडे की दिशा में एक अहम कदम है।

# संचारी रोगों के खिलाफ बड़ी पहल: विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान व दस्तक अभियान का हुआ भव्य शुभारंभ

**वेलकम इंडिया**




**गाजियाबाद।** जिले में संचारी रोगों की रोकथाम के लिए विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान और दस्तक अभियान का भव्य शुभारंभ मंगलवार को संयुक्त जिला चिकित्सालय, संजय नगर से किया गया। इस अवसर पर मुरादनगर के विधायक श्री अजीत पाल त्यागी ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं और स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। गौरतलब है कि मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन के आदेश के अनुपालन में यह अभियान 01 जुलाई से 31 जुलाई तक संचालित किया जा रहा है। दस्तक अभियान 11 जुलाई से 31 जुलाई तक चलेगा, जिसका उद्देश्य जन-जन को संचारी रोगों विशेषकर डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया के प्रति जागरूक करना है। इस जागरूकता रैली में गुरुनानक इंटर कॉलेज, लोहिया नगर की एनसीसी विंग, एमबी गर्ल्स इंटर कॉलेज, चन्दरपुरी की छात्रा टोली, शम्भु दयाल इंटर कॉलेज के भारत स्काउट गाइड, एचएलएम कॉलेज एवं सन्तोष मेडिकल कॉलेज की छात्राओं ने जोशपूर्ण भागीदारी की। सभी ने पोस्टर, बैनर, स्लोगन और जागरूकता संदेशों के माध्यम से जनमानस को सचेत किया। रैली के दौरान नगर निगम गाजियाबाद की ओर से लगभग 100 फॉगिंग मशीनें, 10 स्प्रिंकलर वाहन और 5 पावर स्प्रेयर मशीनें भी शामिल की गईं। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एम.के. सिंह स्वयं इनकी निगरानी में उपस्थित रहे, जिससे यह संदेश गया कि जनहित में प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। इस आयोजन में जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. आर.के. गुप्ता, जिला मलेरिया अधिकारी जी.के. मिश्रा, एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. शिवी अग्रवाल, सहायक मलेरिया अधिकारी नरेंद्र कुमार, डब्ल्यूएचओ और यूनिसेफ के प्रतिनिधि, एनसीडी विंग, आईडीएसपी यूनिट, और मलेरिया विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।